

दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-32 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 09 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण का करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश से शुरू हुई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का देश में हो रहा है अभिनंदन सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश बन रहा सशक्त और समृद्ध






भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश आज न केवल सशक्त बन रहा है, बल्कि समृद्ध भी हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को अधिकार देने से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। भारत विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जो अनादिकाल से मातृ शक्ति का सम्मान करता रहा है। सनातन संस्कृति में शक्ति, धन आदि को देवियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। अगले लोकसभा चुनाव के बाद संसद में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण की शक्ति परिलक्षित होगी और देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा। नारी सशक्तिकरण के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अब प्रदेश में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को संपत्ति के रजिस्ट्रेशन में भी एक प्रतिशत की छूट दी गई है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सम्पत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हो रहा है। प्रदेश में 44 फीसदी स्टार्ट-अप महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार महिला उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में स्व-सहायता समूहों की संख्या 5 लाख से अधिक है। बहनों को उद्योग स्थापना के लिए बैंक लोन में अनुदान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता सम्मेलन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ डिजिटल ई-न्यूज लेटर आजीविका अनुभूति का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर जिले के समूह सदस्यों को 200 ई-सायकिल वितरित करने के साथ आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के 3 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

कार्यक्रम में तुलसी का पौधा भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की जिंदगी बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एक करोड़ 27 लाख बहनों के खाते में 1552.73 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। हम हर महीने लाड़ली बहनों के खातों में राशि भेजकर रक्षाबंधन मना रहे हैं। लाड़ली बहना योजना कभी नहीं रुकेगी, राज्य सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। नारी सशक्तिकरण के लिए प्रदेश से आरंभ की गई इस योजना का देशभर में अभिनंदन हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में 29 लाख बहनों को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना की 55 करोड़ 95 लाख की अनुदान राशि सिलेंडर रिफिलिंग के लिए अंतरित की गई है। अब तक 825 करोड़ की राशि बहनों को जारी की जा चुकी है। उज्जवला गैस कनेक्शन के अंतर्गत जारी राशि से महिलाओं को प्रतिदिन ईंधन जुटाने की मजबूरी से मुक्ति मिली है। नारी सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में यह गतिविधियां महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस दिशा में राज्य सरकार अपने प्रत्येक संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ज्ञान पर ध्यान के अंतर्गत गरीब, युवा, किसान सहित नारी सशक्तिकरण के लिए जारी विशेष प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार जो कह रही है वह करके दिखा रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के साथ नवसारी, गुजरात में लखपति दीदियों से बातचीत की।

## सरकार महिलाओं के खाते में डालने जा रही 2500 रुपए, ये डॉक्यूमेंट है

नई दिल्ली, (आरएनएस)। राजधानी में सत्ता पर काबिज होने के बाद बीजेपी अपने वादों को पूरा करने की तरफ कदम बढ़ा रही है। महिला दिवस के मौके पर बीजेपी ने महिला समृद्धि योजना को कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी है। इसके लिए सरकार ने शर्तें भी लागू की है। जिस को पूरा करने पर महिला को पैसे उसके अकाउंट में ट्रांसफर किए जाएंगे।महिला समृद्धि योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। वादे के मुताबिक भाजपा ने इस योजना का लाभ सिर्फ गरीब महिलाओं को देने का फैसला किया है। महिला समृद्धि योजना का लाभ गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को ही मिलेगा। महिला समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए बीपीएल कार्डधारी होना आवश्यक है। यह कार्ड बताता है कि आप गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं।

## मध्यप्रदेश में धर्मांतरण करने वालों के लिए होगा फांसी का प्रावधान : मोहन यादव

भोपाल (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के लिए राज्य में फांसी की सजा का प्रावधान है और अब धर्मांतरण करने वालों को भी फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। राजधानी भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य में मासूम बालिकाओं के साथ दुराचार करने के मामले में सरकार बहुत कठोर है। इस संबंध में फांसी का प्रावधान किया गया है। जो दुराचार करेगा, हमारी सरकार उसे छोड़ने वाली नहीं है। किसी हालत में ऐसे लोगों को जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। जो धर्मांतरण कराएंगे, उनको भी फांसी की सजा दिलाए जाने का प्रबंध किया जा रहा है।मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आगे कहा कि किसी भी हालत में धर्मांतरण और दुराचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## गुजरात में कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले हुए : राहुल गांधी

अहमदाबाद (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज एक ऐसा बयान दिया



जिसने सनसनी मचा दी। राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस नेतृत्व में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं। जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता है।

राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस पार्टी में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं, लेकिन पीछे से चेन लगी है और बब्बर शेर बंधे हुए हैं। एक मेरी बैठक हो रही थी, जिसमें एक कार्यकर्ता ने कहा कि दो तरीके के घोड़े होते हैं, एक होता है रेस का और दूसरा होता है बारात का। कांग्रेस पार्टी बारात के घोड़े को रेस में डाल देती है और रेस के घोड़े को बारात में डाल देती है। अब गुजरात की जनता भी ये देख रही है कि रेस में बारात के घोड़े डाले हुए हैं।



मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वसई रोड स्टेशन से मालगाड़ी चलाते समय महिलाओं के नेतृत्व में रेलवे दल विजय चिन्ह दिखाता हुआ।

## रूस से हथियार खरीदना बंद करे भारत, ट्रंप सरकार ने धमकी देने के बाद दिया ये आफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका भारत समेत कई देशों पर जमकर टैरिफ लगा रहा है। वहीं, अब अमेरिका ने भारत की रक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाने शुरू कर दिए है। ट्रंप सरकार के एक मंत्री ने भारत द्वारा रूस से हथियार खरीदने पर आपत्ति जताई है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूसी सैन्य हथियारों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने को कहा है और तर्क दिया है कि ऐसा कदम भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। लुटनिक ने कहा,भारत ने ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की काफी अधिक मात्रा खरीदी है और हमें लगता है कि यह ऐसी चीज है जिसे खत्म करने की जरूरत है।

बता दें कि भारत और रूस की दोस्ती दशकों पुरानी है और भारत पेट्रोलियम के साथ-साथ हथियारों की भी खरीद करता रहता है। लुटनिक ने कहा कि अमेरिका विकल्प के तौर पर मॉर्डर हथियार भारत को देने के लिए तैयार है। इससे साफ है कि अमेरिका चाहता है कि भारत



रूस के बजाए उससे हथियार खरीदे। इसके साथ ही ब्रिक्स में भारत की मौजूदगी पर भी अमेरिकी मंत्री ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स डॉलर के विकल्प के रूप में वैश्विक मुद्रा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसी ब्रिक्स में भारत भी है। यह अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा, इस तरह की चीजें प्यार और स्नेह पैदा नहीं करती हैं। हम चाहते हैं कि ये चीजें खत्म हो जाएं। हम चाहते हैं कि व्यापार अधिक निष्पक्ष हो।




## 18 साल बाद गिरफ्त में आया हिजबुल मुजाहिदीन का इनामी आतंकी, बड़े हमले की रच रहा था साजिश



मुरादाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के एक फरार और सक्रिय सदस्य उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ हुसैन मलिक को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह वर्ष 2002 से फरार चल रहा था।एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के पुंछ जिले का रहने वाला उल्फत हुसैन हिजबुल मुजाहिदीन के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) स्थित प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनिंग लेने के बाद मुरादाबाद में एक बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए आया था। उल्लेखनीय है कि उल्फत हुसैन को पूर्व में 9 जुलाई, 2001 को एके 47, एके 56 व दो पिस्टल, 12 हैंड ग्रेनेड, 50 डेटोनेटर, 29 किलो विस्फोटक और 500 से अधिक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, जमानत पर छूटने के बाद वह फरार हो गया था और लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। मुरादाबाद कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट भी जारी किया हुआ था।कटघर पुलिस ने वर्ष 2001 में आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे उल्फत हुसैन को पहली बार गिरफ्तार किया था। उस समय पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की थी, जिसमें एक-47, एके 56, दो पिस्तौल, हैंड ग्रेनेड और 39 टाइमर विस्फोटक पदार्थ शामिल थे। जेल से रिहा होने के बाद आतंकी फरार हो गया और पिछले 18 वर्षों से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम 1999 में हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन में शामिल हुआ था और पीओके में आतंकी ट्रेनिंग भी ले चुका है।

## नपा ने किया नेहरू पार्क में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

### सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया महिलाओं का सम्मान



नर्मदापुरम (निप्र)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नगरपालिका परिषद द्वारा नेहरू पार्क में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथिगण शामिल हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरीए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित का नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा साल श्रीफल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिला सफाई कर्मचारियोंए स्वसहायता समूहों की महिलाओं और नगरपालिका में कार्य कर रही समस्त महिलाओं का सांसदद्वय और नपाध्यक्ष द्वारा पुष्प माला से स्वागत किया गया। महिलाओं से संबंधित प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। महिलाओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटलेए उपयंत्री आयुषी रिछारियाए प्रतिमा बेलियाए सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा सहित पार्षद सभापतिगणए महिला कर्मचारीए महिला सफाई कर्मचारी उपस्थित रहीं। सभी अतिथिगणों द्वारा महिलाओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

#### महिला सफाई कर्मचारियों का स्वागत

सांसदद्वय द्वारा नगर को अल सुबह से साफ रखने वाली समस्त महिला सफाई कर्मचारियों का पुष्पहार से सम्मान किया गया। साथ ही उन्होंने तारीफ करते हुए कहा कि मातृशक्ति किसी भी रूप में हो वे अपना फर्ज बखूवी निभाती हैं।

#### दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यक्रम का संचालन कर रहीं सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के सम्मान में स्वच्छता की अलख जगा रही महिलाओं ने कठपुतलियों का नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही उपस्थित महिलाओं को बताया कि नगर को स्वच्छता में कैसे नंबर 01 बना सकते हैं।

#### कुर्सी दौड़ का आयोजन

नगरपालिका द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पार्षदगण नपा महिला कर्मचारी और महिला सफाई कर्मचारियों के लिए अलग अलग टीमें बनाई गई थीं। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वारा कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में जीतीं महिलाओ को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

पार्षदगण की टीम में प्रथम वंदना चुटीले द्वितीय नैना सोनी और तृतीय स्थान पर महिमा गौर रहीं। वहीं दूसरी नपा कर्मचारी की टीम में राखी प्रथम द्वितीय किरण और तृतीय स्थान पर मीना अरोरा रहीं। इसी तरह महिला स्वच्छता कर्मचारियों की टीम में सुधा राठौर प्रथम बिंदु द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं।





# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण का करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई और शुभकामनाएँ



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति माँ और बहन प्रधान है, इसी का प्रभाव है कि हमारे देश का नाम भारत "माता" से जोड़कर लिया जाता है। महिलाओं और बहनों की जिंदगी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि नारी सशक्तिकरण में मध्यप्रदेश देश में आदर्श राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किये।**

भोपाल, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी से ही प्रदेश और देश आज न केवल सशक्त बन रहा है, बल्कि समृद्ध भी हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को अधिकार देने से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। भारत विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जो अनादिकाल से मातृ शक्ति का सम्मान करता रहा है। सनातन संस्कृति में शक्ति, धन आदि को देवियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। अगले लोकसभा चुनाव के बाद संसद में महिलाओं को मिले 33 प्रतिशत आरक्षण की शक्ति परिलक्षित होगी और देश का संचालन महिलाओं के हाथों में होगा। नारी सशक्तिकरण के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अब प्रदेश में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को संपत्ति के रजिस्ट्रेशन में भी एक प्रतिशत की छूट दी गई है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सम्पत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हो रहा है। प्रदेश में 44 फीसदी स्टार्ट-अप महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। राज्य सरकार महिला उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में स्व-सहायता समूहों की संख्या 5 लाख से अधिक है। बहनों को उद्योग स्थापना के लिए बैंक लोन में अनुदान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्व-सहायता सम्मेलन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में एक हजार युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ डिजिटल ई-न्यूज लेटर "आजीविका अनुभूति" का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर जिले के समूह सदस्यों को 200 ई-सायकिल वितरित करने के साथ आजीविका मिशन के चलित जैविक हाट बाजार के 3 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम में तुलसी का पौधा भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार बहनों की जिंदगी बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एक करोड़ 27 लाख बहनों के खाते में 1552.73 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। पिछले एक वर्ष जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक लाड़ली बहनों के खाते में 22 हजार 227.89 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। हम हर महीने लाड़ली बहनों के खातों में राशि भेजकर रक्षाबंधन मना रहे हैं। लाड़ली बहना योजना कभी नहीं रुकेगी, राज्य सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। नारी सशक्तिकरण के लिए प्रदेश से आरंभ की गई इस योजना का देशभर में अभिनंदन हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में 29 लाख बहनों को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना की 55 करोड़ 95 लाख की अनुदान राशि सिलेंडर रिफिलिंग के लिए अंतरित की गई है। अब तक 825 करोड़ की राशि बहनों को जारी की जा चुकी है। उज्जवला गैस कनेक्शन के अंतर्गत जारी राशि से महिलाओं को प्रतिदिन ईंधन जुटाने की मजबूरी से मुक्ति मिली है। नारी सशक्तिकरण के लिए चल रहे अभियान में यह गतिविधियां महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस दिशा में राज्य सरकार अपने प्रत्येक संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ज्ञान पर ध्यान के अंतर्गत गरीब, युवा, किसान सहित नारी सशक्तिकरण के लिए जारी विशेष प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार जो कह रही है वह करके दिखा रही है।



महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में आज 16वें वित्त आयोग के सदस्य भस्म आरती में शामिल हुए

## महिला उन्नति संस्था ने किया प्रगतिशील महिलाओं का सम्मान

भोपाल,(आरएनएस)।भोपाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला उन्नति संस्था की मध्य प्रदेश शाखा ने बैरागढ़ में महिला सम्मान समारोह के साथ महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में लालघाटी वार्ड 7 की पार्षद प्रियंका मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

समारोह में कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें पंडित दीन दयाल कन्या महाविद्यालय बैरागढ़ की प्रधानाचार्या प्रिय बुधनी, एडवोकेट लक्ष्मी, एडवोकेट किरण ठाकुर, खुशबू वेलफेयर एसोसिएशन की




अध्यक्ष निखत अली शामिल थीं।

दिव्य ज्योति शिक्षा समिति की अध्यक्ष ममता सेठी, दिव्य जीवन समिति की अध्यक्ष डॉ. दिव्या, प्रोफेसर डॉ. शालिनी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीति दत्ता को भी महिला उन्नति संस्था के नारी सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं का सम्मान करना था।

गोष्ठी में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर विशेष चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अनुभवों को साझा किया। मंच का संचालन संस्था की सदस्य मीनाक्षी जैन ने किया। अतिथियों का स्वागत पूजा जैन ने किया। कार्यक्रम में संस्था की मध्य प्रदेश अध्यक्ष तनु जैन भी मौजूद रहीं। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## बढ़े बिजली बिलों को लेकर बिजली दफ्तर का घेराव, अफसरों को गुलाब के फूल दिए



भोपाल (आरएनएस)। बिजली के बढ़े बिल, जुर्माना और कनेक्शन काटने की कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भोपाल स्थित बिजली कंपनी के दफ्तर का घेराव हुआ। कई महिलाएं ऑफिस पहुंची और अफसरों को गुलाब के फूल दिए। उन्होंने बिजली बिलों में राहत देने की गुजारिश की।

कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में महिलाएं रॉयल मार्केट स्थित बिजली कंपनी के ऑफिस पहुंची थीं। उन्होंने उप महाप्रबंधक से दर्ज प्रकरणों की कॉपी दिखाकर जवाब मांगा।

शुक्ला ने कहा कि, बिजली कंपनी ने बिना लोगों की सहमति से मीटर निकाला और उसे लेबोरेट्री में बिना उनकी उपस्थिति के जांच के लिए भेज दिया। साथ ही बिना किसी जानकारी के 40 हजार से सवा लाख रुपए तक के बिल बकाया बताते हुए नोटिस थमा दिए। इतना ही नहीं कॉलोनियों की एक साथ बिजली काट कर रहवासियों को परेशान किया जा रहा है।

ऑफिस का घेराव करने पहुंचे लोगों ने कहा कि, स्मार्ट मीटर लगाने के बहाने पुराने मीटर को निकालकर जबरदस्ती मीटर में गड़बड़ी का हवाला देकर अवैध वसूली की जा रही है। मीटर को लेबोरेट्री में चेक करने के बहाने कुछ भी रिपोर्ट भेजी जा रही है, जो फर्जी है।

शुक्ला ने कहा कि पहले जब पंचनामा बनता था तो थर्ड पार्टी कमेटी बनाने का प्रावधान था, जो विभाग ने समाप्त कर दिया है। पहले चालान पर इंटरेस्ट नहीं लगता था पर अब 16 प्रतिशत ब्याज लग रहा है। साथ ही पहले चालान पर देय तिथि नहीं होती थी, लेकिन अब देय तिथि डालने लगे हैं। इस तरह से चारों तरफ से गरीब आदमी को निचोड़ने का काम किया जा रहा है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर आज सभी महिलाएं एकत्रित होकर मनोज शुक्ला के साथ इन सब समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक शहर वृत्त भोपाल कार्यालय पहुंची और वहां उपस्थित उप महाप्रबंधक को गुलाब का फूल देकर इन विषयों पर चर्चा की।

प्रदर्शन के दौरान प्रिया ठाकुर, लक्ष्मी सैनी, मंजू नामदेव, अमित खत्री, विजेंद्र शुक्ला, संदीप सरवैया, तारिक अली, मुकेश पंथी, केशवराव मौरे, अनूप पांडे, मुजाहिद सिद्दीकी, बाबर खान, दर्शन कोरी, फैजान खान आदि मौजूद थे।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

भोपाल,(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने अवैध दुकानें, ठेले, अवैध शेड, कमरे, चार पहिया वाहन, छत ठेले, काउंटर, मुर्गे की जाली, कटआउट, पतंग व अन्य सामान हटवाया तथा छत ठेले, गन्ने की चरखी, फायबर कुर्सी, स्टूल, तगाड़ी, फावड़ा, टेबिल वाटर कूलर, थर्माकोल का सामान, लोहे के फ्रेम, एंगल, बोर्ड, टंकी, टीन की चादर, स्टैण्ड बोर्ड, कालीन, फोल्डिंग टेबिल, पान पार्लर, तखत एवं रेत सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को छावनी से भारत टॉकीज तक, बांसखेड़ी, जहांगीराबाद चैराहा, अयोध्या बायपास, नरेला जोड़, कोहेफिजा, मीनाक्षी अपार्टमेंट, करबला रोड, गोंडीपुरा से करोद चैराहा तक, जेल रोड, छोला दशहरा मैदान, लिली टॉकीज, 12 नंबर सांई बोर्ड, गिन्नौरी रोड, भानपुर ब्रिज, कोलार सर्वधर्म से डी मार्ट तक, सर्वधर्म पुल, कोलार मंदाकिनी से बीमाकुंज तक, उबेदिया स्कूल ताजुल मसाजिद, हमीदिया अस्पताल गेट नंबर-01 आदि क्षेत्रों से अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध दुकानें, ठेले, अवैध शेड, कमरे, चार पहिया वाहन, छत ठेले, काउंटर, मुर्गे की जाली, कटआउट, पतंग व अन्य सामान हटवाकर 04 छत ठेले, 02 गन्ने की चरखी, 17 फाइबर की कुर्सी, 02 फाइबर स्टूल, 02 तगाड़ी, 01 ठेला, 01 लकड़ी टेबिल, 01 वाटर कूलर, 04 फाइवर स्टूल, थर्माकोल सामान सहित, 01 कुप्पी, 01 जंजीर, 02 पन्नी, 01 फावड़ा, 13 फाइवर कुर्सी, 01 टूटा बोर्ड, 01 फाइबर टेबिल गोल, 01 लोहे का फ्रेम बड़ा, 03 एंगल, 02 लोहे के बार्ड, 03 फाइबर टंकी, 04 स्टेण्ड बोर्ड, 01 टीन की चादर, 03 ठेले, 01 कालीन, 04 फोल्डिंग टेबिल, 02 पान पार्लर, 01 ठेला चरखी, तखत, लूज कैरेड, 02 लोहे के स्टूल, 01 डम्पर रेत जप्त की।

## मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद श्यामवीर बने भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ

भोपाल, (आरएनएस)। राज्य शासन ने भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ और उज्जैन के अपर कलेक्टर को हटा दिया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में अब आईएएस अफसर श्याम वीर को सीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्याम वीर मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद हैं। वहीं दो माह से पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत रूही खान को भी सरकार ने काम सौंप दिया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में करीब एक साल पहले प्रदीप जैन को सीईओ बनाया गया था। शुक्रवार को जारी आदेश में जैन को बीडीए सीईओ के पद से हटाकर मंत्रालय में उप सचिव के पद पर पदस्थ कर दिया गया है। जैन की पोस्टिंग अभी मंत्रालय में किसी विभाग में नहीं की गई है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में पदस्थ अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे को स्थानांतरित कर अपर कलेक्टर दतिया बनाया गया है। ये दोनों ही अधिकारी राज्य प्रशासनिक सेवा के हैं।

## महिला दिवस पर महिला लोको पायलट ने चलाई भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस



भोपाल (आरएनएस)।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूरी तरह महिला स्टाफ द्वारा संचालित भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18235) का सफलतापूर्वक परिचालन किया गया। भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 से सुबह 10-15 बजे अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन का संचालन महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने किया, जबकि ट्रेन प्रबंधक (गार्ड) भी महिला थीं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह पहल रेलवे में कार्यरत महिलाओं की दक्षता, क्षमता और कार्यकुशलता को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय रेलवे समय-समय पर महिला कर्मचारियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर उनके कौशल को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों और रेलवे अधिकारियों ने इस पहल की सराहना की। यात्रियों ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे अन्य क्षेत्रों में भी अपनाया जाना चाहिए।

**इन्होंने किया संचालन-लोको पायलट- कुमारी नूतन**

असिस्टेंट लोको पायलट: नेहा श्रीवास्तव

ट्रेन प्रबंधक = अक्षिता काले

टीटीई = रीता यादव और रश्मि मगराडे

भोपाल रेलवे मंडल महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने और उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। मंडल में वर्तमान में 41 महिला लोको पायलट कार्यरत हैं, जो रेल संचालन के क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दे रही हैं। इसके अलावा, भोपाल मंडल में कुल 1100 महिला कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, जो रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं। इनमें वाणिज्य विभाग में 164, यांत्रिक विभाग में 156, संचालन विभाग में 109, विद्युत विभाग में 216, इंजीनियरिंग विभाग में 164, सुरक्षा विभाग में 45, संकेत एवं दूरसंचार विभाग में 87, चिकित्सा विभाग में 64, लेखा विभाग में 24, कार्मिक विभाग में 44, सामान्य प्रशासन में 20, गति शक्ति/निर्माण विभाग में 3 और भंडार विभाग में 4 महिलाएं कार्यरत हैं।

## आयुषी सोशल वेलफेयर सोसायटी ने समाजसेवी पूजा शुक्ला समेत कई प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मानित किया

भोपाल, (आरएनएस)। साउथ टीटी नगर स्थित यूथ हॉस्टल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष आयोजन हुआ। आयुषी सोशल वेलफेयर सोसायटी के इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यहां अंतरराष्ट्रीय मातृशक्ति सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा शुक्ला को विशेष सम्मान से नवाजा गया। हजेला हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक और कर्मचारियों को भी सम्मान मिला। समिति की अध्यक्ष रोशनी वर्मा ने सभी का स्वागत किया और मिठाई वितरण किया।

## मध्यप्रदेश में खेल, खिलाड़ी व खेल मैदान के उन्नयन और युवाओं के समग्र विकास के लिए हो रहे अनवरत प्रयास : मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) ।मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव प्रयासों ने प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने और उनके समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार ने 'फिट इंडिया क्लब', 'पार्थ योजना', 'खेलों बढ़ों अभियान' और (एमपीवायपी) (मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान' जैसे महत्वपूर्ण नवाचारों की शुरुआत की है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के खेल मैदानों, खिलाड़ियों और खेल गतिविधियों को नया आयाम मिला है।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने यह विचार तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित खेल चिंतन शिविर में साझा किए। मंत्री सारंग ने मध्यप्रदेश में उपलब्ध खेल अधोसंरचनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में 18 खेलों के लिए 11 खेल अकादमियां स्थापित की गई हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। इसके लिए मध्यप्रदेश में विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता वाली खेल अधोसंरचना तैयार की गई है। इन 11 खेल अकादमियों में अंतर्राराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण, अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि "मध्यप्रदेश को खेल हब के रूप में विकसित करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा संकल्प है कि हर युवा को खेल के क्षेत्र में अपने सपने पूरे करने का अवसर मिले और वे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।"

खेल चिंतन शिविर के द्वितीय दिवस के तृतीय सत्र में मध्यप्रदेश के खेल मॉडल पर विशेष प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसमें प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास, खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए किए गए नवाचारों की जानकारी साझा की गई। प्रदेश में खेलों के प्रति युवाओं के बढ़ते रुझान, आधुनिक खेल अकादमियों की स्थापना और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया ने सराहना की।

## एम्स में हुई मध्य भारत की पहली रोबोटिक स्पाइन सर्जरी

भोपाल (आरएनएस)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के डॉक्टरों ने दुर्लभ और जटिल रीढ़ की हड्डी की सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह सर्जरी 21 करोड़ रुपए की लागत वाले अत्याधुनिक रोबोट की मदद से की गई, जिसने डॉक्टरों को सटीक कट लगाने और किसी भी त्रुटि को तुरंत सुधारने में सहायता की।

एम्स भोपाल ने मध्य भारत में पहली बार रोबोटिक स्पाइन सर्जरी कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही, यह संस्थान मध्य प्रदेश और मध्य भारत का पहला ऐसा केंद्र बन गया है, जहां रीढ़ की हड्डी की जटिल सर्जरी रोबोटिक तकनीक से की जा रही है।

रोबोटिक सर्जरी न केवल ऑपरेशन की सटीकता बढ़ाती है, बल्कि रक्तस्राव को कम करने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने और मरीजों के तेजी से स्वस्थ होने में भी सहायक होती है। इस तकनीक का उपयोग सर्जनों को अधिक सटीक निर्णय लेने और जटिलताओं को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है।

एम्स भोपाल के ऑर्थोपेडिक विभाग में डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में, पिछले सप्ताह डॉ. वी. के. वर्मा और डॉ. पंकज मिश्रा ने रोबोटिक तकनीक की मदद से दो सफल स्पाइन सर्जरी कीं। इन सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वैशाली और डॉ. जे. पी. शर्मा का भी विशेष योगदान रहा। दोनों मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

ऑर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख डॉ. रेहान उल हक़ ने बताया कि, यह तकनीक न केवल रीढ़ की हड्डी की सर्जरी में कारगर है, बल्कि पेल्विक इंजरी के उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा कि, रोबोटिक सहायता



से बच्चों में रीढ़ की हड्डी की विकृतियों, जैसे काइफोसिस और स्कोलियोसिस का इलाज अब और अधिक सुरक्षित व प्रभावी हो गया है।

इस ऑपरेशन की बाजार में अनुमानित लागत करीब 3.5 लाख रुपए थी। हालांकि, मरीज को यह इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह से मुफ्त में मिला। मरीज के परिवार के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं था, क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए इतनी महंगी सर्जरी कराना संभव नहीं था।

डॉक्टरों के अनुसार, यदि यह सर्जरी पारंपरिक तरीके से की जाती, तो मरीज को पूरी तरह ठीक होने में कई महीने लग सकते थे, लेकिन रोबोटिक तकनीक की मदद से ऑपरेशन इतना सटीक हुआ कि सामान्य सर्जरी के मुकाबले मरीज को उठने, चलने, बैठने में सप्ताह भर कम लगेगा।

भोपाल एम्स ने 2023 में स्पाइन सर्जरी में फैलोशिप कार्यक्रम शुरू किया था और अगस्त 2025 से स्पाइन सर्जरी में मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी है। इस नई तकनीक के साथ, एम्स भोपाल ने न केवल मध्य भारत के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं, बल्कि यह सुनिश्चित किया है कि उन्हें जटिल सर्जरी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

रोबोटिक स्पाइन सर्जरी क्या है?-रोबोटिक स्पाइन सर्जरी एक ऐसी तकनीक है जिसमें कंप्यूटर और रोबोटिक सिस्टम की मदद से रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की जाती है। यह तकनीक सर्जन को ऑपरेशन के दौरान बेहतर दृश्यता और सटीकता प्रदान करती है, जैसे GPS आपको सही रास्ता दिखाता है। हालांकि, यह तकनीक पूरी तरह से स्वचालित नहीं है। इसमें एक कुशल सर्जन ही पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। सर्जरी से पहले और उसके दौरान, सर्जन को 3ष्ठ इमेजिंग की मदद से ऑपरेटिंग एरिया को बेहतर ढंग से देखने और समझने में मदद मिलती है, जिससे सर्जरी अधिक सुरक्षित और प्रभावी हो जाती है।

रोबोटिक स्पाइन सर्जरी के फायदे-सर्जरी की सटीकता बढ़ती है।

जटिलताओं की संभावना कम होती है।

पारंपरिक सर्जरी की तुलना में उतकों को कम नुकसान होता है।

सर्जन को ऑपरेशन क्षेत्र को 3-डी में देखने में मदद मिलती है।

## पूर्व विधायक ने मंत्री और महापौर को लेकर की आपत्तिजनक टिप्पणी, भाजपा ने किया प्रदर्शन



इंदौर (ए.)। इंदौर में कैबिनेट मंत्री प्रलहाद पटेल के भिखारी वाले बयान को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित धरने में इंदौर के पूर्व कांग्रेस विधायक अश्विन जोशी ने आपत्तिजनक बात कह दी। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मेयर की तुलना जानवरों से कर दी। इसके बाद भाजपा ने इस मामले में कांग्रेस के पूर्व विधायक को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ता शाम को जोशी का पुतला पागल खाने ले गए और वहां पुतले को यह कहकर जमा करा दिया कि जोशी का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है। उन्हें इलाज की जरुरत है।

# न्याय का महाकुंभ, महिला शक्ति के साथ हुआ लोक अदालत का आयोजन, 208 केस सुलझे

इंदौर (ए.)। मुख्य न्यायाधिपति सुरेश कुमार कैत द्वारा इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन मप्र उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर से किया गया जिसमें इंदौर खण्डपीठ के न्यायाधिपतिगण के साथ-साथ वर्चुअली जबलपुर एवं खण्डपीठ ग्वालियर के माननीय न्यायाधिपतिगण सम्मिलित हुए। मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अमूल्य योगदान का जश्न मनाने का भी अवसर है। माननीय



महोदय द्वारा उन महिला अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों की सराहना की गयी जिनकी लगन, दृढ़ता और प्रतिबद्धता न्याय के आदर्शों को कायम करने में लगी हुई है।

**ईअरली डाइजेस्ट 2024 का विमोचन हुआ**

माननीय न्यायाधिपति विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं अध्यक्ष उच्च विधिक सेवा समिति इंदौर द्वारा यहां उपस्थित समस्त अधिकारीगण, न्यायालय अभिभाषकगण एवं पक्षकारगण को संबोधित करते हुए बताया गया कि यह संयोग है कि राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक ही दिन आयोजित हो रहे हैं इसलिए अध्यक्ष होने के नाते मेरे द्वारा प्रयास किया गया है कि समस्त खण्डपीठ की सदस्यगण महिला अभिभाषक हो।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित, ये लोग रहे मौजूद

उमरिया (ए.)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण दिन है। समाज के अस्तित्व, उत्थान और कल्याण में महिलाएं महत्वूपर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। उक्त विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपने जीत का परचम लहराया है। घर के काम से लेकर प्रशासनिक सेवाओं में पहुंचकर प्रदेश की सेवा कर रही हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुज्ञा पटेल ने कहा कि प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला गैस कनेक्शन, महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित हैं, जिसका लाभ लेकर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन ने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर कार्य का बेहतर परिणाम दिया है। आज का दिवस मानव जाति द्वारा महिलाओं के प्रति कृतज्ञता जाहिर करने का दिन है। नारी शक्ति के बगैर सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

# इंस्टाग्राम पर पोस्ट लिखी और कॉलेज से कूद गया छात्र, सीसीटीवी में दिल दहाने वाले दृश्य



इंदौर (ए.)। इंदौर में एक बीएससी छात्र ने कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक कदम को उठाने से पहले छात्र ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल स्टोरी पोस्ट की थी, जिसमें उसने लिखा था कि वह न अच्छा बेटा बन सका, न अच्छा इंसान। उसने लिखा कि वह अपने करीबियों को खुश नहीं रख सका और इसलिए वह अब यह कदम उठा रहा है।

**वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में बीएससी का छात्र था**

यह मामला शनिवार दोपहर का है। मृतक छात्र का नाम मयूर राजपूत (21 वर्ष) था, जो वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कॉलेज में बीएससी थर्ड ईयर का छात्र था। द्वारकापुरी थाना प्रभारी राहुल राजपूत ने बताया कि मयूर प्रजापत नगर का निवासी था। शनिवार को कॉलेज में एक फंक्शन चल रहा था, जिसमें मयूर भी शामिल हुआ था। कुछ समय तक फंक्शन में मौजूद रहने के बाद वह कॉलेज की छत पर चला गया। थोड़ी देर बाद अन्य छात्रों ने उसे नीचे गिरा हुआ देखा। घटना की जानकारी तुरंत कॉलेज प्रशासन को दी गई।

## शराब के नशे में रिश्ते के नाती ने की बुआ दादी की हत्या, 500 मांगने पर दे रही थी 200 रुपये

जबलपुर (ए.)। जबलपुर जिले में शराब के नशे में पहुंचे युवक ने अकेले रहने वाली बुआ दादी के घर पहुंचकर पांच सौ रुपये मांगे। बुआ दादी रिश्ते के नाती को दो सौ रुपये दे रही थी, जिससे नाराज होकर युवक ने गला दबाकर बुजुर्ग की हत्या कर दी।

हत्या करने के बाद उसका गला हंसिए से काट दिया। पुलिस ने अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी नाती को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिहोरा थानान्तर्गत ग्राम पौड़ी निवासी बुट्टन बाई कोल उम्र 57 वर्ष घर में अकेले रहती थी। महिला के पति की मौत हो गई थी तथा बेटा ईंट-भट्टे में रहकर काम करता था। महिला का गला धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या की गई।

## अंगदान करने वाले मजदूर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, यहां के व्यक्तियों को दी गई किडनी




जबलपुर (ए.)। जबलपुर जिले में अंगदान करने वाले मजदूर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मजदूर की एक किडनी इंदौर तथा एक किडनी जबलपुर के व्यक्ति को लगाई गई है। किडनी को जबलपुर के निजी अस्पताल तथा इंदौर ले जाने के लिए डुमना विमानतल में खड़ी एयर एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए दो ग्रीन कॉरिडोर बनाये गये थे।

गौरतलब है कि भेड़ाघाट निवासी पूरन चौधरी उम्र 56 को तीन दिन पूर्व उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती किया गया था। मजदूरी का कार्य करते थे और काम के दौरान गिर गये थे, जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने जांच के दौरान पाया कि उनका ब्रेन डेड हो गया है।

## मयखाना बना जिला अस्पताल का 40 नंबर कमरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने लगाए गंभीर आरोप




सीहोर(ए.)। अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खियों में बना रहने वाला सीहोर जिला अस्पताल एक बार फिर से चर्चाओं में आ गया है। दरअसल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा दिए गए बयान और जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को कांग्रेस ने लीसा टॉकीज चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने गंभीर आरोप लगाए हैं। जिलाध्यक्ष गुजराती ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला अस्पताल के कुछ डॉक्टर-कर्मचारियों ने जिला अस्पताल के 40 नंबर कमरे को बार (मयखाना) बनाकर रख दिया है। इस कमरे में अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी दारू पीते हैं और इसके बाद मरीजों का इलाज करते हैं।

### महिला दिवस पर मातृ शक्तियों ने संभाली पशुपतिनाथ मंदिर की व्यवस्था, डिप्टी सीएम देवड़ा ने किए दर्शन

मंदसौर(ए.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दशपुर की धरा पर भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर में मातृ शक्तियों ने कमान संभाली। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मातृ शक्तियों ने ही पूजा करवाई। पशुपतिनाथ मंदिर की व्यवस्था शनिवार को दिनभर महिलाओं द्वारा ही संचालित की जाएगी। शासन द्वारा महिला दिवस पर आयोजित इस नवाचार की हर ओर सराहना की जा रही है।

## पहले ट्रेन में सीट दी...फिर रात होते ही करने लगा अश्लील हरकत, लोगों ने कोच अटेंडेंट को पीटा

उज्जैन (ए.)। ट्रेन में सेट सीट दिलाने के नाम पर एक महिला से छेड़छाड़ का मामला थाना जीआरपी के पास पहुंचा है। मामले में महिला द्वारा की गई शिकायत के बावजूद भी पुलिस प्रकरण दर्ज नहीं करना चाहती थी। यही कारण था कि बजरंग दल के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पूरा मामला कुछ इस प्रकार है कि अपने पति और बच्ची के साथ उज्जैन के लिए यात्रा करने वाली रांची निवासी 30 वर्षीय महिला धनबाद रेलवे स्टेशन से हावड़ा-शिप्रा एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में पहुंची थी। उनके पास कंफर्म टिकट नहीं था। यही कारण था कि यह लोग टायलेट के पास बैठकर यात्रा करने लगे। ट्रेन चलने के कुछ समय बाद उनके पास बेरसिया भोपाल निवासी कोच अटेंडेंट सादिक पठान पहुंचा था, जिसने इन लोगों को टीसी से टिकट कंफर्म कराने की बात कही थी।



## यूट्यूब का बड़ा एक्शन, 95 लाख वीडियोज किए डिलीट, भारत पहले नंबर पर; जानें क्या है वजह

नई दिल्ली (आरएनएस)। यूट्यूब ने अपनी सख्त कंटेंट नीतियों के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग 95 लाख वीडियो अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए। इन हटाए गए वीडियो में भारत का सबसे बड़ा योगदान रहा, जहां से लगभग 30 लाख वीडियो डिलीट किए गए। यूट्यूब, जो कि सख्त कंटेंट पॉलिसी के लिए जाना जाता है, ने हेट स्पीच, उत्पीड़न, हिंसा और गलत जानकारी फैलाने वाले वीडियो पर प्रतिबंध लगाया है। दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यूट्यूब एआई-पावर्ड डिटेक्शन सिस्टम और ह्यूमन मॉडरेटर्स का उपयोग करता है, जिससे हानिकारक सामग्री को बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने से पहले ही हटा दिया जाता है।

यूट्यूब द्वारा हटाए गए वीडियो में सबसे बड़ी संख्या बच्चों की सुरक्षा से जुड़े उल्लंघनों की थी। आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख से अधिक वीडियो ऐसे थे जो बच्चों के लिए हानिकारक माने गए। इसके अलावा, अन्य प्रमुख कारण जिनकी वजह से वीडियो हटाए गए।

यूट्यूब ने केवल वीडियो ही नहीं, बल्कि 48 लाख चैनल भी डिलीट किए। इनमें ज्यादातर चैनल स्पैम और धोखाधड़ी फैलाने के लिए बनाए गए थे। जब किसी चैनल को हटाया जाता है, तो उसके सभी वीडियो भी प्लेटफॉर्म से गायब हो जाते हैं। यूट्यूब ने अपने प्लेटफॉर्म से 120 करोड़ कमेंट्स हटाए, जिनमें से ज्यादातर स्पैम थे। कुछ कमेंट्स उत्पीड़न, हेट स्पीच या धमकियों के कारण डिलीट किए गए। यूट्यूब लगातार अपने कंटेंट मॉडरेशन सिस्टम को सुधार रहा है ताकि अनुचित और भ्रामक सामग्री प्लेटफॉर्म पर न फैले।

## फरवरी में 220 करोड़ से ज्यादा आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन हुए, 14 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज : केंद्र सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार के मुताबिक फरवरी में करीब 225 करोड़ आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन और 43 करोड़ ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन किए गए, जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार ने शुक्रवार को ये जानकारी साझा की।

ई-केवाईसी सर्विस बैंकिंग और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस दोनों में ग्राहकों के लिए एक सहज और सुरक्षित अनुभव प्रदान करने में सहायक रही है। इस सर्विस ने अलग-अलग उद्योगों में ईज-ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने में भी योगदान दिया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, फरवरी 2025 के अंत तक, आधार ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन की कुल संख्या 14,555 करोड़ को पार कर गई थी, जबकि कुल ई-केवाईसी ट्रांजैक्शन 2,311 करोड़ से अधिक हो गए थे।

आधार का इस्तेमाल कर फेस ऑथेंटिकेशन भी लोकप्रिय हो रहा है। अकेले फरवरी में, 12.54 करोड़ आधार फेस ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन किए गए, जो अक्टूबर 2021 में इस सुविधा की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है।

कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड, फोनपे, करूर वैश्य बैंक और जेएंडके बैंक के साथ आधार की फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के लिए कुल 97 संस्थाओं को शामिल किया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा कि इसके लॉन्च के बाद से, आधार फेस ऑथेंटिकेशन ट्रांजैक्शन 115 करोड़ को पार कर गए हैं, जिनमें से लगभग 87 करोड़ अकेले चालू वित्त वर्ष में हुए हैं।

यूआईडीएआई द्वारा इन-हाउस डेवलप्ड एआई/एमएल बेस्ड फेस ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन अब फाइनेंस, इंश्योरेंस, फिनटेक, हेल्थ और टेलिकॉम में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

# आरबीआई दे सकता है बड़ी राहत, ब्याज दरों में कर सकता है कटौती




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की मुद्रास्फीति जनवरी में 5.22 प्रतिशत से घटकर 4.31 प्रतिशत हो गई। लगातार चार महीने तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से ऊपर रहने के बाद, यह आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच गई। यह ट्रेंड संभावित दरों में कटौती की संभावना को मजबूत करता है, जिसमें रेपो रेट 6.25 प्रतिशत पर है। शनिवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार की स्थिति निवेशकों के बीच सतर्कता की भावना को दर्शाती है, जो आर्थिक स्थितियों, सेक्टर-स्पेसिफिक विकास और ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट के रुझानों से जुड़ी है। फरवरी में निफ्टी 500 इंडेक्स में 7.88 प्रतिशत की गिरावट आई। फैक्टर-बेस्ड रणनीतियों ने बाजार मूवमेंट को दर्शाया, जबकि निफ्टी 5 ईयर बेंचमार्क जी-सेक (+0.53 प्रतिशत) सहित निश्चित आय वाले साधनों ने स्थिरता प्रदर्शित की।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर विकसित बाजारों में मिश्रित गतिविधियां देखने को मिलीं, जहां स्विट्जरलैंड ने 3.47 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम ने 3.08 प्रतिशत बढ़त दर्ज की, जबकि जापान ने 1.38 प्रतिशत गिरावट दर्ज की।

अमेरिका में सीपीआई मुद्रास्फीति 3 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 2.90 प्रतिशत से मामूली वृद्धि को दर्शाती है।

एचएसबीसी की एक दूसरी रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का लॉन्ग-टर्म आउटलुक मजबूत बना हुआ है और इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में सरकारी निवेश, निजी निवेश में तेजी और रियल एस्टेट साइकल में सुधार के कारण निवेश साइकल मध्यम अवधि में तेजी की ओर बढ़ने का अनुमान है।

एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की 'मार्केट आउटलुक रिपोर्ट 2025' में रिन्यूएबल एनर्जी और इससे जुड़े सप्लाई चेन में ज्यादा निजी निवेश, हाई-एंड टेक्नोलॉजी कंपोनेंट्स का स्थानीयकरण और भारत के तेजी से विकास का सपोर्ट करने के लिए ग्लोबल सप्लाई चेन का सार्थक हिस्सा बनने की उम्मीद है। अभी तक वास्तविक अर्थव्यवस्था ने वैश्विक विकास के प्रति लचीलापन दिखाया है।

## इंडिगो' सीट कैपेसिटी मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडिगो एयरलाइंस सीट कैपेसिटी के मामले में दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन बन गई है। यह 2024 में सालाना आधार पर 134.9 मिलियन सीटों से 10.1 प्रतिशत बढ़कर 134.9 मिलियन से अधिक हो गई है। आधिकारिक एयरलाइन गाइड (ओएजी) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन को कतर एयरवेज के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में सीट कैपेसिटी में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

इंडिगो को 2024 में फ्लाइट फ्रिक्वेंसी ग्रोथ के मामले में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली एयरलाइन के रूप में स्थान दिया गया है, जो सालाना आधार पर 9.7 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि एयरलाइन ने इस साल 749,156 फ्लाइट फ्रिक्वेंसी दर्ज की। ओएजी ने यह भी दर्ज किया है कि इंडिगो के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान ऑर्डर में से एक है, जिसमें 900 से अधिक विमान ऑर्डर पर हैं और 2024 के दौरान 58 नए एयरबस विमानों का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। हालांकि, एयरलाइन के पास एमआरओ से जुड़े सप्लाई चेन मुद्दों के कारण निष्क्रिय विमानों का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 80 विमान) है।

जबकि इंडिगो की 88 प्रतिशत कैपेसिटी घरेलू बाजारों को आवंटित की जाती है, 'अंतरराष्ट्रीय विकास' एयरलाइन की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें 2024 के दौरान क्षेत्रीय मध्य मिडल ईस्ट मार्केट और थाईलैंड पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इंडिगो के लिए लॉन्ग-टर्म महत्वाकांक्षा में लंबी दूरी की कम लागत वाली सेवाओं का विकास शामिल है। एयरलाइन 2025 के लिए वेट लीज विमानों के साथ लॉन्च योजनाओं को आगे लाने पर विचार कर रही है।

## भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों में 5.8 प्रतिशत बोर्ड सीट्स महिलाओं के पास : रिपोर्ट

बेंगलुरु (आरएनएस)। 116 भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों की 1,314 बोर्ड सीटों में से 76 सीटें महिलाओं के पास हैं, जो कि कुल सीटों का 5.8 प्रतिशत भाग है। शनिवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट देश में यूनिकॉर्न इकोसिस्टम में जेंडर डायवर्सिटी को बेहतर बनाने के अवसर पर प्रकाश डालती है।

इसके विपरीत, हाल ही में डेलॉइट की 'वूमन इन द बेडरूम॰ ए ग्लोबल परस्पेक्टिव' रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारतीय इंक में महिलाओं के पास 18.3 प्रतिशत बोर्ड सीटें थीं, जबकि वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत है।

एक प्राइवेट मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, प्राइवेट सर्किल रिसर्च के अनुसार, कंपनी लेवल पर 116 यूनिकॉर्न कंपनियों में से 48 प्रतिशत के बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जबकि उनमें से केवल 11 प्रतिशत के पास एक से अधिक महिला निदेशक थीं।

यह भारतीय यूनिकॉर्न द्वारा बोर्डरूम में जेंडर गैप को पाटने के निरंतर प्रयासों का संकेत है।

प्राइवेटसर्किल रिसर्च के शोध निदेशक मुरली लोगनाथन ने कहा, यह लंबे समय से चला आ रहा है कि वे कंपनियां जिनके पास ज्यादा डायवर्स बोर्ड है, वे वित्तीय रूप से बेहतर प्रदर्शन करती हैं। मैकिन्से की 2023 डायवर्सिटी मैटर्स इवन मोर रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि ज्यादा डायवर्स बोर्ड वाली कंपनियां बेहतर वित्तीय प्रदर्शन हासिल करती हैं।



*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा में एसआईएफआई डेटा सेंटर के उद्घाटन के दौरान.*

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं?

प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है।

स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं, नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद, और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं।

इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है।संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं।उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है- जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। (cm stalin) बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए।कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई।सबक क्या है? स्पष्टत: यही कि पहचान एवं भावनाओं की राजनीति ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मसलों को लेकर भड़काऊ माहौल बना रखा है। इसकी बड़ी जिम्मेदारी राजनेताओं और राजनीतिक दलों पर जाती है, जिन्हें ऐसे मुद्दों में वोट पाने का आसान रास्ता दिखता है। चूंकि आर्थिक और विकास नीतियों के मामलों में तमाम दलों ने समान रास्ता चुना हुआ है, वैसे में अपनी अलग प्रासंगिकता दिखाने का उन्हें यही सरल उपाय नजर आता है।लेकिन जन हित और राष्ट्र के व्यापक हित के नजरिए से यह खतरनाक खेल है। यह अवश्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि अगर धार्मिक विभाजन की राजनीति देश के लिए जोखिम भरी है, तो भाषा या जाति के आधार पर चुनावी गोलबंदी कम खतरनाक नहीं है।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित जेडीयू कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया.


# पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट कैंसर

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है।

ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है।

ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरु आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर



के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं।सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं।पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं।

महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता।इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके।

# सोशल मीडिया और भारतीय पत्रकारिता के समक्ष संकट

**प्रो. प्रदीप माथुर**

पिछले सोमवार के सुप्रीम कोर्ट के आदेश और रणवीर इलाहाबादिया मामले से जुड़े विवाद ने सोशल मीडिया की अनियमितताओं के मुद्दे को सामने ला दिया है। हालाँकि जस्टिस सूर्यकांत का आदेश अश्लीलता और शालीनता के ज्ञात नैतिक मानकों के उल्लंघन के सवाल पर है, जो मामले का आधार था, लेकिन यह मुद्दा बहुत व्यापक है क्योंकि यह मीडिया नैतिकता के सबसे महत्वपूर्ण सवाल से संबंधित है। समय आ गया है कि पूरे मीडिया स्पेक्ट्रम की आलोचनात्मक जांच की जाए और यह पता लगाया जाए कि हमारे मीडिया में क्या गलत है, जिसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बाद लोकतांत्रिक समाज का चौथा स्तंभ कहा जाता है।

मीडिया एक व्यापक-आधारित शब्द है जिसमें समाचार मीडिया, पारंपरिक मीडिया, सोशल मीडिया, विज्ञापन और जनसंपर्क शामिल हैं। मीडिया और समाचार मीडिया के बीच एक सूक्ष्म लेकिन बहुत महत्वपूर्ण अंतर है जिसे पारंपरिक रूप से पत्रकारिता या प्रेस के रूप में जाना जाता है। यह मीडिया का सबसे महत्वपूर्ण रूप है क्योंकि यह लोगों को बिना किसी डर या पक्षपात के सही, सत्य और वस्तुनिष्ठ जानकारी प्रदान करता है और सामाजिक और नीति-निर्माण मुद्दों के बारे में उनके मन बनाने में उनकी मदद करता है।

यहाँ हम केवल समाचार मीडिया या पत्रकारिता की बात करेंगे जो 1775 में कोलकाता में छपे पहले समाचार पत्र के बाद से अपने 250 साल के अस्तित्व के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का आगमन और अनियंत्रित विकास,



समाचार मीडिया संगठनों को नियंत्रित करने वाले व्यापारिक घरानों और क्रोनी पूंजीपतियों का लालच, समाज के उदार और लोकतांत्रिक स्वभाव में गिरावट, अधिनायकवादी रुझान और वर्तमान राजनीतिक प्रतिष्ठान का स्वतंत्र मीडिया विरोधी रवैया, दर्शकों की उदासीनता और निराशा की सामान्य भावना जैसे कई कारक मिलकर समाचार मीडिया के सामने एक ऐसा अस्तित्वगत संकट पैदा कर रहे हैं जो पहले कभी नहीं था।


दुखद बात यह है कि हम ज्यादातर इस बारे में अनजान हैं। तथाकथित गोदी मीडिया एक बहुत बड़ी बीमारी का लक्षण मात्र है।

अच्छी पत्रकारिता या समाचार मीडिया की पहचान तीन शब्दों से होती है- फ्री, फ्रैंक और फियरलेस। लंबे समय से समाचारों को इन तीन एफ के मानदंडों पर ईमानदार और पेशेवर रूप से ईमानदार पत्रकारों द्वारा लिखा और संपादित किया जाता रहा है। वर्तमान समय में जब समाचार मीडिया की विश्वसनीयता चरमरा गई है, तब भी तीन एफ का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन उनकी परिभाषा बदल गई है। अब वे फेक, फेवरेट और फ्रिवोलस के लिए खड़े हैं। अपने नए अवतार में ये तीन एफ चौथे स्तंभ के लिए एक बड़ा खतरा हैं, जिसका अच्छा स्वास्थ्य हमारे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि किसी भी संवैधानिक संस्था के लिए।

जबकि फर्जी खबरें झूठ फैलाती हैं और पक्षपात निष्पक्षता को खत्म कर देता है, खबरों और सच्ची सूचनाओं की आत्मा, तुच्छ खबरें गंभीर और विचारशील लोगों को समाचार मीडिया से दूर कर देती हैं और मीडिया दर्शकों की गुणवत्ता को कम कर देती हैं कुछ ऐसा जो हम आज देख रहे हैं। और यह हमारे समाज में उचित शासन के लिए एक प्रबुद्ध जनमत के निर्माण के प्रयासों के लिए एक बड़ा खतरा है, जहां लोगों का एक बड़ा वर्ग अज्ञानता, निरक्षरता और पिछड़ेपन से ऊपर उठने के लिए दृढ़ प्रयास कर रहा है।

यह एक शुभ संकेत है कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारे समाज में शालीनता के बुनियादी सामाजिक मानदंडों के समर्थन में बात की है। हमें उम्मीद है कि यह हमारे समाज में समाचार मीडिया की सही भूमिका को भी परिभाषित करेगा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक प्रावधान की आड़ में चल रहे अनैतिक और अवांछनीय व्यवहारों पर प्रतिबंध लगाएगा।

इस महान देश के नागरिक के रूप में, हमें समाचार मीडिया में गंभीर और वस्तुनिष्ठ लेखन के लिए दृढ़ प्रयास करना होगा ताकि सार्वजनिक नीति के मुद्दों पर एक सुविचारित, तर्कसंगत और बुद्धिमान बहस की संस्कृति मजबूत हो। यह हमारे लोगों की भलाई और हमारे देश के त्वरित विकास के लिए आवश्यक है।




मेष राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही समस्याओं का समाधान निकालने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। आज समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। आपका अनुभव प्रतिष्ठा का कारण बनेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। ऑफिस में काम बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे, लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर के बीच अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझनें दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी, बिजनेस को बढाने के लिए बेहतर फैसले लेंगे। साथ ही व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी लेंगे। आज आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे।

कर्क राशि : आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज अच्छी खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी, नई पोस्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी, आप भी इसका भरपूर फायदा उठाएंगे। किसी कार्य योजना के कारण आपको यात्रा करनी पड़ेगी। आज आयी समस्याओं को अपनी समझदारी से दूर कर लेंगे। आज आपके घर के सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। आज आज आप ऑनलाइन नया काम शुरू करेंगे, जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

कन्या राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आज आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होगी। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आयेगा, इससे आप खुद को रिलैक्स फील करेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आज आप आपनी मेहनत से अच्छा धन कमाने में सफल होंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सेहत रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है।

धनु राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आपके निजी प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ के स्त्रोत खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आज आप ऑफिस में अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे। घर में नन्हें मेहमान के आने से खुशियाँ आएंगी। लोग आपको बधाई देंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे।

मीन राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज व्यापार में अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज शत्रु पक्ष आपको परेशान करने की नाकाम कोशिश कर सकता है। प्रशासनिक पद पर कार्यरत लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। शिक्षकों का ट्रांसफर उनके मन पसंद जगह पर होगा।

# युवा महिलाओं के जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत करती ज़िद्दी गर्ल्स

हरिशंकर व्यास

कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुजर् रही हैं।ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। और संकल्प जोशी शामिल हैं।

कॉलेज की मस्ती, चुनौतियां और भावनात्मक उतार चढ़ाव को इसमें प्रामाणिक रूप से दर्शाया गया है।

कैंपस फ़िक्शन अपने आप में क़िस्सागोई के लिए एक बेहद दिलचस्प स्पेस है। चाहे ये कैंपस कॉलेज का हो या किसी यूनिवर्सिटी का, इसे कभी केंद्र तो कभी नेपथ्य में रख कर बहुत सी कहानियां, उपन्यास लिखे गए और फ़िल्में बनती रहीं हैं। इसी श्रृंखला में अब एक ताज़ातरीन वेब सीरीज़ आई है, ज़िद्दी गर्ल्स'। फिल्म की कहानी दरअसल दिल्ली विश्वविद्यालय में लड़कियों के लिए मशहूर कॉलेज मिरांडा हाउस' के इर्द गिर्द बुनी गई है, जिसका नाम तकनीकी और व्यावहारिक वजहों से मटिल्डा हाउस' कर दिया गया है। साथ ही शुक्र है उस भूल चूक लेनी देनी' की तख़्ती (डिस्क्लेमर) एडवांस में लगा देने वाले अनिवार्य चलन का, जिसकी वजह से यह सीरीज़ रिलीज़ के पहले उन विवादों में फंसने से बच गई, जो इसे इसके दर्शकों से दूर रख सकते थे।

तो चलिए आज के सिने-सोहबत' में चर्चा की जाए मटिल्डा हाउस' यानी मिरांडा हाउस' यानी एमएच' से जुड़ी इस कहानी पर बनी ज़िद्दी गर्ल्स' की।

दरअसल, एमएच' से मेरा निजी रिश्ता भी रहा है। तब मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर' (सीएलसी) में पढता था। क़रीब पच्चीस साल हो गए। ज़िंदगी की पहली घोषित गर्लफ्रेंड एमएच में थी और वो भी वहां के हॉस्टल में। ग़ौरतलब है कि ये बताना उतना प्रासंगिक नहीं है कि अब वो मेरी पत्नी हैं लेकिन चूंकि समाज को प्रेम कहानियों का सुखांत देखना अच्छा लगता है इसलिए मैंने इसका ज़िक्र भी कर दिया है।

तो होता ये था कि हर शाम उनसे मिलने जाता था। तब वहां रहने वाली लड़कियों के लिए विज़िटर्स से मिलने का समय होता था शाम साढ़े चार से साढ़े सात। उसके बाद के वक़्त को कहते थे कर्फ़्यू ऑवर'। शाम साढ़े सात के बाद हॉस्टल की वो सभी सैकड़ों लड़कियां उस ऊंची गेट और उससे भी ऊंची दीवारों के पीछे ग़ायब। ज़ाहिर है किसी भी संस्थान और वहां के माहौल को सुरक्षित रखने के लिए सिस्टम्स बनाए जाते हैं और समय समय पर उनको बेहतर करने के इंटरनल और एक्सटर्नल संघर्ष चलते रहते हैं।

बहरहाल, अनुशासन' और अलग अलग किस्म की आज़ादी' के बीच का संघर्ष सदियों से चला आ रहा है लेकिन एमएच' की लड़कियों की जो बात मुझे सबसे ज़्यादा चकित करती रही कि वो है वहां के माहौल में देश भर से पढने् और खुद को गढने् आई लड़कियों में ऐसा कॉन्फिडेंस आता है कि वो अपनी पसंद की फील्ड में कुछ भी कर गुजऱती हैं और वो भी अपनी शर्तों पर। चाहे वहां के थिएटर ग्रुप्स हों, या डिबेटिंग सोसाइटी या फिर स्टूडेंट्स यूनियन के चुनाव, चुनाव की प्रक्रिया और उनमें इन लड़कियों का बेधड़क भाग लेना, साइंस एक्जीबिशन हो या पोएट्री रेसाइटेशन अपनी पढ़ाई और स्पोर्ट्स के साथ साथ सबमें जूझना इन लड़कियों की जीवन शैली बन जाती है। इस कैंपस में हज़ारों लाखों सपने साकार किए हैं। हर क्षेत्र में लड़कियों ने नाम किए हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित भी एक्स मिरांडीयन (मिरांडा हाउस की पूर्व छात्रा) थीं।

बहरहाल, ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुजऱ रही हैं। साथ ही वे अपने कॉलेज और वहां के माहौल को बाहरी खतरों से बचाने के लिए संघर्ष करना भी सीखती हैं। ज़िद्दी गर्ल्स' की कहानी का प्लॉट शिक्षा के निजीकरण' की साज़िश को अमली जमा पहनाने की कोशिश और उसके खिलाफ वहां की लड़कियों और कुछ ऐसे शिक्षिकाओं और शिक्षकों के संघर्ष पर टिका है जो उस खुले और प्रगतिशील माहौल को बचाए रखना चाहते हैं। एक तरफ खुले माहौल से हो रही भारतीय संस्कृति के अपमान का कुतर्क और

कॉलेज के खुले माहौल पर अंकुश लगाने की कवायद चल रही होती है तो दूसरी तरफ समानता के अधिकार' के तहत सबके लिए कम शुल्क में अच्छी शिक्षा को बरकऱार रखने की कोशिश है।

देश भर में जिस तेज़ी से शिक्षा का निजीकरण' बढ़ रहा है उससे अमीर और गरीब बच्चों के बीच की खाई और भी चौड़ी होती जा रही है। नितांत आवश्यक है कि सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य तकनीकी संस्थानों को बेहतर किया जाए ताकि हर तबके से आने वाले विधार्थियों को समान अवसर मिल सके। इस संदर्भ में मुझे छत्तीसगढ़ कैडर के अपने एक आईएएस अधिकारी मित्र अवनीश शरण का नाम इसलिए ध्यान में आ रहा है क्योंकि उन्होंने आईएएस रहते हुए अपनी बेटी की स्कूली शिक्षा के लिए उसका दाखिला शहर के एक सरकारी विद्यालय में करवाया था। लगभग सामंती समाज और उसकी री-पैकेजिंग के तौर पर नौकरशाही की ठसक वाले अपने इस देश के किसी भी छोटे शहर के लिए ये एक बहुत बड़ी घटना थी। उसके बाद अवनीश शरण के कई और साथी अफसरों और जूनियर्स ने भी ऐसा ही किया। फिर सरकारी अधिकारियों को ही राज्य सरकार के उस विद्यालय की स्थिति दुरुस्त करनी पड़ी. जिससे हर वर्ग से आने वाले बच्चों की सहूलियतें बढ़ गई। ज़रुरत है माइक्रो लेवल पर सबको अपना योगदान देने की ताकि अपने देश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्राइवेट प्लेयर्स ही आखिरी विकल्प न रहें।

बढिय़ा है कि ज़िद्दी गर्ल्स' के माध्यम से समाज में शिक्षा के निजीकरण और उसके इर्द गिर्द भी विचार विमर्श हो कि अपने यहां किस अनुपात में क्या हो या क्या नहीं? ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। प्रमुख भूमिकाओं में सिमरन, नंदिता दास, अनुप्रिया कैरोली, रेवती, अतिया तारा नायक, उमंग भड़ाना, जैन अली, दिया दामिनी, नंदीश सिंह संधू और संकल्प जोशी शामिल हैं।

कॉलेज की मस्ती, चुनौतियां और भावनात्मक उतार चढ़ाव को इसमें प्रामाणिक रूप से दर्शाया गया है। साथ ही, यह सीरीज दोस्ती, महत्वाकांक्षाओं और निजी संघर्षों के माध्यम से युवा महिलाओं के जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत करती है। ये कहानी बख़ूबी दिखाती है कि कैसे ये लड़कियां अप्रासंगिकता को चुनाती देकर अपने भविष्य के लिए संघर्ष करती हैं। ज़िद्दी गर्ल्स' के इस पहले सीजऩ में कुल आठ एपिसोड हैं। अमेजऩ प्राइम वीडियो पर है। देख लीजिएगा।(पंकज दुबे मशहूर बाइलिंग्वल उपन्यासकार और चर्चित यूट्यूब चैट शो, स्मॉल टाउन्स बिग स्टोरीज़ के होस्ट हैं।)







## बिहार में बोले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी, इकट्ठे रहे तो कोई हरा नहीं पाएगा

गोपालगंज (आरएनएस)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमंत कथा के दौरान हिंदू एकता को देश के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि अगर एकजुट रहेंगे तो कोई भी हमें तोड़ नहीं पाएगा।

प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि अगर हिंदू अकेले रहेंगे तो वे टूट जाएंगे, लेकिन अगर वे एकजुट होकर रहेंगे तो कोई भी उन्हें तोड़ नहीं सकता। अगर कुत्ते को एक पत्थर मारा जाए तो वह भाग जाएगा, लेकिन वही पत्थर अगर मधुमक्खी के छत्ते पर मारा जाए तो आपको ही भागना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि कुत्ता अकेला था, जबकि मधुमक्खी एकजुट थी।

उन्होंने कहा कि जैसे मधुमक्खियां अपने एकजुट होने की ताकत से किसी को भी हरा सकती हैं, ठीक उसी तरह हिंदू समाज यदि इकट्ठा रहेगा तो कोई भी उसे हरा नहीं सकेगा। हिंदू अलग रहेगा तो उसे भागना पड़ेगा, लेकिन अगर वह एकजुट रहेगा तो देशद्रोहियों को भागना पड़ेगा। मैं किसी पार्टी का प्रचारक नहीं हूं, मैं एक हिंदुत्व का विचारक हूं।

कथावाचक ने संविधान संशोधन को लेकर भी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि हम संविधान के खिलाफ हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम भारत के संविधान का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे पहले भी 125 बार से ज्यादा संविधान में संशोधन हो चुका है और यदि जरूरत पड़ी तो एक बार फिर हिंदू राष्ट्र के लिए संविधान में संशोधन किया जाएगा।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 6 मार्च से 10 मार्च तक बिहार के गोपालगंज जिले में हैं। यहीं भोरे के रामनगर मठ में हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। हनुमंत कथा के दूसरे दिन भोजपुरी अभिनेता और बीजेपी सांसद मनोज तिवारी, रितेश पाण्डेय, शिवेश मिश्रा, पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी सहित अन्य भाजपा नेता पहुंचे।

## इजरायली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप, पुरुष साथियों को नहर में फेंका; आरोपी फरार

हम्पी, (आरएनएस)। कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी में मानवता को शर्मसार करने वाली एक जघन्य घटना सामने आई है। कुछ अज्ञात हमलावरों ने गुरुवार रात सनापुर झील के पास एक इजरायली महिला पर्यटक और एक होमस्टे संचालिका के साथ गैंगरेप किया। इसके साथ ही, उन्होंने पीड़ित महिलाओं के साथ मौजूद तीन पुरुष पर्यटकों से मारपीट की और उन्हें तुंगभद्रा नहर में फेंक दिया, जिनमें से एक पुरुष पर्यटक की शनिवार सुबह मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह भयावह घटना गुरुवार रात 11:00 से 11:30 बजे के बीच घटी। हमलावरों ने 27 वर्षीय इजरायली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय स्थानीय होमस्टे संचालिका को अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया। ओडिशा का एक पर्यटक, जो उस समय पीड़ित महिलाओं और अन्य पर्यटकों के साथ था, घटना के बाद से लापता था। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने उसे जबरदस्ती तुंगभद्रा नहर में धकेल दिया था। शनिवार सुबह उस लापता पर्यटक का शव सनापुर झील से बरामद कर लिया गया। वहीं, अमेरिका और महाराष्ट्र के दो अन्य पुरुष पर्यटक मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस नृशंस अपराध की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तत्काल प्रभाव से एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया है। गंगावती रूरल पुलिस स्टेशन में इस संबंध में पहले से ही मामला दर्ज था, जिसमें दुष्कर्म की धाराओं के साथ अब हत्या की धारा भी जोड़ी जाएगी, क्योंकि लापता पर्यटक का शव बरामद हो चुका है।

पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, घटना के समय चार पर्यटक और एक होमस्टे संचालिका सनापुर झील के निकट समय बिता रहे थे। तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और पेट्रोल पंप का रास्ता पूछने के बहाने उनसे बातचीत शुरू की। जब होमस्टे संचालिका ने बताया कि आसपास कोई पेट्रोल पंप नहीं है, तो आरोपियों ने उनसे पैसे की मांग करना शुरू कर दिया।

एफआईआर में आगे बताया गया है कि जब पर्यटकों ने पैसे देने से इनकार किया, तो कन्नड़ और तेलुगू भाषा में बात कर रहे आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और पर्यटकों के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद, आरोपियों ने जबरदस्ती तीनों पुरुष पर्यटकों को नहर में धकेल दिया।

पीड़ित महिला के बयान के अनुसार, जब उसके दोस्त नहर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी तीन हमलावरों में से दो ने उसके और इजरायली महिला पर्यटक के साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस की विशेष टीम घटना के बाद से ही आरोपियों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान चला रही है। शुक्रवार सुबह से ही डॉग स्क्वायड और दमकल विभाग की टीम लापता पर्यटक की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार सुबह पर्यटक का शव बरामद होने के बाद, पुलिस अब आरोपियों की पहचान स्थापित करने और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ ऐक्शन में दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अवैध घुसपैठियों के खिलाफ मिले कार्रवाई करने के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस इन दिनों फुल ऐक्शन में है। इस दौरान उसने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के वसंत कुंज इलाके में मौजूद जय हिंदी कैम्प झुग्गी-बस्ती क्षेत्र में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया। इससे पहले 6 मार्च को भी दिल्ली पुलिस ने संगम विहार इलाके में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चलाया था। शनिवार को चलाए अभियान में भी पुलिस ने स्थानीय लोगों के पहचान पत्रों की जांच की। सब-इंस्पेक्टर रवि मलिक ने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान वे लोगों से उनका पहचान प्रमाण पत्र मांग रहे हैं और उनके द्वारा दी जा रही जानकारियों का उससे मिलान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के दौरान अगर कोई संदिग्ध पाया जाता है, तो उसके पहचान प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए उसके संबंधित जिले में भेज दिए जाते हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'सत्यापन के लिए हम उनके सभी पहचान पत्र मांगते हैं, अगर हमें कोई संदिग्ध लगता है तो उसके पहचान-पत्र सत्यापन के लिए संबंधित जिलों में भेज दिए जाते हैं। अगर हमें यहां कोई अवैध रूप से रहता हुआ मिलता है, तो उसे निर्वासित कर दिया जाता है... उसके सभी विवरणों का सत्यापन किया जाता है।'इससे पहले 28 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाई थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है और



इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने बैठक में कहा था बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश में प्रवेश कराने, उनके दस्तावेज बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें वापस उनके देश भेजा जाना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तमिलानाडु के करूर में मैराथन का आयोजन

करूर (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, तमिलनाडु के करूर जिले में कई आयोजन किए गए। करूर जिला पुलिस अधीक्षक फिरोज खान अब्दुल्ला ने इस मौके पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए करूर जिला पुलिस ने 5 किमी की मैराथन और 3 किमी की वॉकथॉन आयोजित की। फिरोज खान अब्दुल्ला ने इन दोनों कार्यक्रमों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं के लिए नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर 181 और पुलिस हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से उन्हें मदद और सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।


5 किमी की मैराथन का आयोजन करूर के तिरुवल्लुवर स्टेडियम से हुआ, जो जवाहर बाजार, थाइला सिल्क्स, ओल्ड जीएच रोड, दिनप्पा थिएटर, एमजी रोड, 80 फीट रोड, कोयंबटूर रोड और बस स्टेशन राउंडअबाउट से होते हुए फिर से तिरुवल्लुवर स्टेडियम में समाप्त हुई। इस मैराथन का उद्देश्य महिलाओं को प्रेरित करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इसके बाद, 3 किमी की वॉकथॉन भी तिरुवल्लुवर मैदान से शुरू होकर उसी मार्ग से गुजरते हुए फिर से तिरुवल्लुवर मैदान में समाप्त हुई।

## राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़ समेत तमाम नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत तमाम नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई। आज हम महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हैं। हम महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने का भी संकल्प लेते हैं। आइए हम महिलाओं को उनकी यात्रा में समर्थन देने का संकल्प लें, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी पीछे न छूट जाए क्योंकि वे विभिन्न क्षेत्रों में नए रास्ते बना रही हैं। साथ मिलकर हम एक लैंगिक समानता वाली दुनिया बना सकते हैं, जहां महिलाएं और लड़कियां बिना किसी डर के अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। राष्ट्रपति मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन भी करेंगी।

समारोह के दौरान 'शी बिल्ड्स भारत' नामक एक मेगा अभियान भी शुरू किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य भी भाग लेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की महिला अधिकारियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमें विश्व बैंक, यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र महिला, यूएनडीपी और यूएनएफपीए जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की प्रतिनिधि भी शामिल होंगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी एक्स पोस्ट में महिला नेतृत्व की सराहना की। लिखा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई! महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं, जो अपनी दृढ़ता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता से बदलाव लाती हैं। एक सच्चा सशक्त समाज वह है, जहां महिलाएं देश के विकास में योगदान दें और निर्णय लेने में अग्रणी हों। हमें याद रखना है कि महिला नेतृत्व विकसित भारत की बुनियादी जरूरत है। हमें महिलाओं के लिए एक समावेशी, न्यायसंगत और प्रगतिशील भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हार्दिक बधाई। सदियों से नारी शक्ति ने हमारी सभ्यता को प्रगति और विजय के लिए सशक्त बनाया है। पीएम मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के अपने दृष्टिकोण के माध्यम से उनके ऐतिहासिक कद को पुनर्जीवित किया है और राष्ट्र निर्माण के केंद्र में नारीत्व को प्रतिष्ठित किया है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 8 मार्च से कांगपोकपी जिले में राजमार्गों पर मुक्त आवाजाही की घोषणा के बाद, कुकी ग्रामीणों ने फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन की योजनाबद्ध शांति रैली और राजमार्गों को फिर से खोलने की सरकार की पहल का विरोध करते हुए वाहनों में आग लगा दी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नवसारी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक समारोह में भाग लिया।

## महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए सरकार प्रयत्नशील : नीतीश कुमार

पटना (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीएम ने भरोसा भी दिया कि महिलाओं के सशक्तिकरण तथा उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है।

नीतीश कुमार ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। महिलाओं के सशक्तीकरण तथा उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि महिलाओं के उत्थान के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके और उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके। इधर, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'एक्स' पर लिखा, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:'। अपनी सक्रिय भागीदारी से नए भारत का निर्माण करने वाली नारी शक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, नारी शौर्य है, साहस है, शक्ति है। नारी देवी है, दुर्गा है, ईश्वर की भक्ति है।

# देश छोड़कर भागे ललित मोदी को भारत लाना होगा मुश्किल, भारतीय पासपोर्ट छोड़ हासिल की इस देश की नागरिकता



नई दिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने भारतीय पासपोर्ट को सरेंडर करने के लिए आवेदन कर दिया है। उन्हें वनुआतु की नागरिकता मिल गई है। ललित मोदी मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के आरोपी हैं। एजेंसियों से बचने के लिए वह 2010 में ही भारत छोड़कर भाग गए थे। अब किसी और देश की नागरिकता मिलने के बाद ललित मोदी का प्रत्यर्पण और भी मुश्किल हो गया है। जिस देश की नागरिकता मिलने का दावा किया गया है वह एक छोटा सा देश है जो कि प्रशांत महासागर के एक द्वीप में ही फैला हुआ है। प्रत्यर्पण संधि के मामलों में यह देश पहले से ही कुख्यात है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, 'उसने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है।' जानकारी के मुताबिक ललित मोदी को 30 दिसंबर 2024 को ही वनुआतु की नागरिकता मिल गई थी।

जयसवाल ने कहा, कानून के मुताबिक जिस तरह से भी संभव होगा हम उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ललित मोदी पर 2009 में आईपीएल के लिए 425 करोड़ की टीवी डील करने में नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। IPL 2010 के बाद ललित मोदी को बीसीसीआई से सस्पेंड कर दिया गया। पुणे और कोच्चि की फ्रेंचाइजी से डील मामले में गड़बड़ी करने के आरोप में उनपर यह कार्रवाई की गई थी। BCCI ने उनके खिलाफ जांच करवाई और दोषी पाए जाने पर 2013 में आजीवन बैन कर दिया। वह लंबे समय से लंदन में ही रह रहे हैं। कई बार इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया। 2015 में ललित मोदी के खिलाफ मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने गैरजमानती वॉरंट जारी किया।

ललित मोदी अब जिस देश के नागरिक हैं वह देश प्रशांत महासागर में करीब 80 छोटे-छोटे द्वीपों से मिलकर बना है। इस देश की आबादी करीब 3 लाख ही है। 1980 में यह देश फ्रांस और ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ था। वनुआतु इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के तहत नागरिकता देता है। यहां एक आवेदन पर करीब 1.3 करोड़ रुपये का खर्च आता है।

## पिछले 10 वर्षों में महिला लोको पायलटों की संख्या में 5 गुना वृद्धि

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले 10 वर्षों में देश में ट्रेन चलाने वाली महिला लोको पायलटों की संख्या में लगभग पांच गुना वृद्धि हुई है, जो इस क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी के साथ ही टूटती रूढ़िवादिता को दर्शाता है। भारत के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय रेलवे में 2024 तक करीब 1,828 महिला लोको पायलट काम कर रही हैं, जबकि एक दशक पहले यह संख्या मात्र 371 थी।आंकड़ों के अनुसार, महिला लोको पायलट की संख्या में पिछले 10 वर्षों में आया यह उछाल अलग-अलग राज्यों से देखा गया है। उत्तर प्रदेश से महिला लोको पायलट की यह संख्या 36 से बढ़कर 222 हो गई है। इसी तरह तेलंगाना से महिला लोको पायलट 13 से बढ़कर 196 और तमिलनाडु से 39 से बढ़कर 180 हो गई हैं।

महिलाओं ने लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, ट्रैकमैन, सिग्नल मेंटेनेंस, गार्ड और गैंगमैन जैसे क्षेत्रों में प्रवेश किया है।

वर्तमान में, भारतीय रेलवे में 1 लाख महिला कर्मचारी हैं, जो कुल वर्कफोर्स का लगभग 8.2 प्रतिशत हैं।

## बहराइच : पुलिस और गो तस्कर के बीच मुठभेड़, घायल आरोपी अस्पताल में भर्ती

बहराइच ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच में शनिवार देर रात पुलिस ने गोकशी के वांछित आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अशरफ (22) के रूप में हुई है।



पुलिस को आरोपी के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मिलकर चेकिंग शुरू की। इस दौरान हरचंदा रोड से आरोपी अशरफ जा रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो आरोपी ने पुलिस पर ही फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षा के तहत आरोपी के पैर पर गोली चलाई। जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डीपी तिवारी, एसपी ग्रामीण, ने बताया कि चार मार्च को थाना जरवल रोड पर गोकशी का एक मामला पंजीकृत हुआ था। इस मामले की जांच जरवल थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम संयुक्त रूप से कर रही थी। इस बीच, हमें जैसे ही आरोपी अशरफ के बारे में जानकारी मिली, तो हमने मोर्चा संभालते हुए यह कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपी भी शामिल हैं। हमें उनकी तलाश है। जल्दी ही सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो जाएगी। पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम इस मामले में कई दिनों से कार्रवाई कर रही है। इस मामले में सभी अभियुक्तों को चिन्हित किया जा चुका है।उन्होंने आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

बता दें कि इससे पहले 24 फरवरी को क्राइम ब्रांच गौतमबुद्धनगर और थाना दादरी पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत गोवंश के मांस की पैकिंग कर तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान फराज खान (जनरल मैनेजर, अलतबारक फ्रोजन फूड प्रा लि) और रेहान खान (मीट एक्सपोर्ट मैनेजर) के रूप में हुई थी।

## महिला दिवस : पीएम मोदी के 'एक्स' हैंडल पर महिला सीईओ, वैज्ञानिकों ने बताई अपनी सक्सेज स्टोरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फ्रंटियर मार्केट्स की संस्थापक और सीईओ अजयता शाह, 'परमाणु प्रौद्योगिकी से जुड़ीं एलीना मिश्रा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़ी शिल्पी सोनी ने पीएम मोदी के एक्स 'हैंडल' को ऑपरेट किया और इस प्लेटफॉर्म पर अपनी स्टोरी शेयर की।

फ्रंटियर मार्केट्स की संस्थापक और सीईओ अजयता शाह ने महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया हैंडल को संभालने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पीएम के एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, एक मुद्दा जो मेरे दिल के करीब रहा, वह था ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियां। ये चुनौतियां वित्तीय, बुनियादी ढांचे तक पहुंच और बहुत कुछ हो सकती हैं। इसलिए, मैंने पिछले दो दशक इसे कम करने में बिताए हैं। और, मुझे गर्व है कि न केवल मैं बदलाव लाने में सक्षम रही हूं, बल्कि मैं कई और महिलाओं को भी इस अवसर पर आगे बढ़ते और ऐसा करते हुए देख रही हूं।उन्होंने बताया कि 2011 में उन्होंने फ्रंटियर मार्केट्स की स्थापना इस विश्वास के साथ की थी कि अगर ग्रामीण महिलाओं को समर्थन मिले तो कोई भी ताकत उन्हें कुछ भी हासिल करने से नहीं रोक पाएगी। उन्होंने कहा, हमारे संयुक्त प्रयासों ने हजारों महिलाओं का एक शक्तिशाली नेटवर्क सुनिश्चित किया है जो आत्मनिर्भर बन रही हैं और अन्य महिलाओं को आजीविका दे रही हैं। हमारा जोर हमेशा महिलाओं के कौशल और वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने पर रहा है। आप सभी को यह देखकर आश्चर्य होगा कि भारत की महिलाएं किस आसानी से प्रौद्योगिकी को अपना रही हैं।

## एथनिक आउटफिट में भूमि पेडनेकर का दिखा कातिलाना अवतार, एक्ट्रेस की शोख अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बी-टाउन की खूबसूरत और ग्लैमरस अदाकारा भूमि पेडनेकर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

भूमि पेडनेकर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने बेहद ही खूबसूरत ग्रीन कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का बन बनाकर, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर के जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की इस फोटो पर कॉमेंट करते हुए लिखा है-टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- इतनी खूबसूरती हो आप, आखिर राज क्या है। तीसरे यूजर ने लिखा है- एलिगेंट एंड अमेजिंग।

## धमाकेदार होगा सिकंदर का आखिरी गाना, तुर्की से आए 500 डांसर्स के साथ नाचे सलमान खान

सलमान खान की फिल्म सिकंदर इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। ऐसे में अब दर्शकों को बेसब्री से फिल्म का इंतजार है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था, जिसमें सलमान खान का धांसू अंदाज देखने को मिला। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ जाएगा।

फिल्म इसी हफ्ते रिलीज होने वाली है। ऐसे में यह चौंकाने वाली बात है कि फिल्म की टीम अभी भी फिल्म की शूटिंग कर रही है और अब आखिरी गाने की शूटिंग के लिए तुर्की से 500 डांसर्स को बुलाया गया है। बड़े पैमाने पर एक भव्य संगीतमय सीक्वेंस को फिल्माने की योजना है और टीम इसके लिए अच्छी तरह से तैयार है। इस गाने के साथ निर्माता दर्शकों को अलग स्तर का मजा देना चाहते हैं।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि प्रोडक्शन से जुड़े सूत्र का कहना है कि सिकंदर के अंतिम गाने के लिए तुर्की से 500 बेहद स्पेशल डांसर्स को विशेष रूप से बुलाया गया था, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के साथ एक बेहतरीन दृश्य तैयार किया। बहुत बड़े पैमाने पर फिल्माए गए इस भव्य दृश्य वाले गाने के लिए सावधानी के साथ बनाई गई योजना की आवश्यकता थी। कोरियोग्राफी के लिए पहचाने जाने वाले डांसर्स ने भी इस गाने में अपना जादू



बिखेरा है। हाल ही में फिल्म का पहला गाना जोहरा जबीं जारी हुआ, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं, अब उम्मीद है कि इतने बड़े पैमाने पर फिल्माया गया आखिरी गाना दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देगा। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सलमान के साथ यह रश्मिका की पहली फिल्म है। यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में आने वाली है।

## अदाकारी के बाद निर्देशन में कदम रखने जा रहीं राधिका आप्टे



अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म कोट्या से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में पैडमैन, अंधाधुन, मोनिका और माय डार्लिंग जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं।खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म कोट्या एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है। जबरदस्ती की एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद नौजवान को कुछ ताकतें मिलती हैं। इसके बाद वह उन ताकतों का इस्तेमाल अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए करता है। फिल्म का प्रोडक्शन विक्रमादित्य मोटवानी कर रहे हैं। रिधिका के काम की बात करें तो वह हाल ही में सिस्टर मिडनाइट में नजर आई थीं। इस फिल्म को कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। फिल्म को बाफ्टा अवॉर्ड के नामांकित किया गया था। राधिका को बीआईएफए अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया था। राधिका ने फिल्म में उस महिला का किरदार निभाया था जिसे जबरदस्ती अरेंज मैरिज में घसीटा जाता है। राधिका आप्टे ने साल 2012 में शादी कर ली थी। पिछले साल राधिका आप्टे ने अपने पति बेनेडिक्ट के साथ अपने बच्चे का स्वागत किया था। इंस्टाग्राम पर राधिका ने एक नवजात बच्चे की तस्वीर साझा की थी। इसमें वह बच्चे को स्तनपान करा रही थीं। फोटो में छुट्टी के बाद काम पर उनकी वापसी को दिखाया गया था।

## इन गलियों में का ट्रेलर जारी, सोशल मीडिया के दुनिया में सच्ची प्रेम कहानी दिखाएगी फिल्म

इन गलियों में फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। फिल्म में आज के जमाने की प्रेम कहानी दिखाई गई है, जहां दो दिल सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ते हैं, लेकिन अपने प्यार को हासिल करने के लिए उन्हें दुनिया से लड़ना है, जिसकी सच्चाई यह है कि वह अलग-अलग मजहबों में दोस्ती तो बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन प्रेमी नहीं।अपने होली सॉन्ग उड़ा हवा में रंग है से लोगों का दिल जीतने के बाद अब फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लोगों को आकर्षित कर रहा है। अविनाश दास के निर्देशन में बनी यह फिल्म आज की दुनिया में प्यार, सामाजिक रिश्तों और सोशल मीडिया की ताकत पर आधारित है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि सोशल मीडिया के जरिए विवान शाह को अवंतिका से प्यार हो जाता है

## नितिन स्टारर रॉबिनहुड की रिलीज़ डेट से उठा पर्दा, 28 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



हीरो नितिन अपनी बहुप्रतीक्षित डकैती कॉमेडी रॉबिनहुड के साथ मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन वेंकी कुदुमुला ने किया है, जिन्होंने पहले उनके साथ एक ब्लॉकबस्टर भीष्म बनाई थी। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में श्रीलीला नितिन के साथ अभिनय करती हैं। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है, और रॉबिनहुड 28 मार्च को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो गर्मियों की रिलीज के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है।

रिलीज डेट पोस्टर में नितिन को एक आकर्षक, विशेष एजेंट अवतार में दिखाया गया है, जो स्टाइल के साथ चलते हुए शान से पेश आ रहा है। फिल्म की प्रचार गतिविधियाँ जल्द ही शुरू होंगी, जिसमें केतिका शर्मा की विशेषता वाला दूसरा सिंगल कुछ ही दिनों में रिलीज़ होने वाला है। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है, और पहले सिंगल, झलक और अन्य प्रचार सामग्री को शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

नवीन येरनेनी और वाई रविशंकर द्वारा निर्मित इस फिल्म की सिनेमैटोग्राफी साई श्रीराम ने की है, जबकि कोटी संपादक हैं और राम कुमार कला निर्देशक हैं। कलाकारों में नितिन, श्रीलीला, राजेंद्र प्रसाद, वेनेला किशोर और अन्य शामिल हैं।

## बी हैप्पी का ट्रेलर रिलीज, बेटी के सपनों को सच करने के लिए कुर्बानी देंगे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म बी हैप्पी का दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज हो गया है। लिजेल रेमो डिसूजा के रेमो डिसूजा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रेमो डिसूजा निर्देशित यह फैमिली एंटरटेनर फिल्म है, जिसमें एक पिता और बेटी के अटूट बंधन, सपनों के पीछे भागने के जादू और डांस के प्रति गहरे जुनून की कहानी को बयां करती है।एक खुशमिजाज परिवार पर बेस्ड बी हैप्पी में अभिषेक बच्चन, नोरा फतेही, नास्सर, और इनायत वर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।


## ओटीटी पर रिलीज हुई सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म फतेह, साइबर अपराध की है कहानी



सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म फतेह अब ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म दो महीना पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन दर्शकों से इसे अच्छा रिस्पांस नहीं मिला था। फिल्म में जबरदस्त एक्शन और थ्रिलर है। फिल्म में साइबर अपराध के बारे में दिखाया गया है।

फतेह फिल्म को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। फतेह फिल्म भारत के बॉक्स पर अच्छा प्रभाव नहीं छोड़ सकी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रिलीज होने के एक महीने तक सिर्फ 13.3 करोड़ रुपये ही कमा सकी थी। फतेह में सोनू सूद खुद अहम किरदार में हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडिस और विजय राज हैं। फतेह को सोनाली सूद और उमेश बंसल ने प्रोड्यूज किया है। फिल्म, फतेह सिंह (सोनू) नाम के एक पूर्व अधिकारी की कहानी है, जो अपने अतीत को पीछे छोड़कर पंजाब में सुकून की जिंदगी जीने के लिए आया है। उसका इतिहास बहुत खूंखार रहा है। वह पहले एक भाड़े का हत्यारा रह चुका है। हालांकि, जब उसकी जानने वाली एक लड़की निमरित कौर एक साइबर अपराध गिरोह का शिकार हो जाती है, तो फतेह अपना चैन ओ अमन छोड़कर उस लड़की को ढूंढने निकल पड़ता है। फतेह सिंह, हैकर खुशी शर्मा (जैकलीन फर्नांडीज) के साथ मिलकर, साइबर माफिया को खत्म करने और निमरित को बचाने के लिए, एक मिशन पर निकलता है। इसके साथ सोनू सूद डिजिटल दुनिया के अंधकार को लोगों के सामने रखते हैं।

## क्या आलसी होना भी हो सकता है फायदेमंद? जानिए क्या है नया थेराप्यूटिक लेजीनेस ट्रेंड



हर साल त्वचा की देखभाल, घर की सजावट और फैशन से जुड़े नए-नए ट्रेंड सामने आते हैं। हालांकि, क्या आपने कभी आलस करने के ट्रेंड के बारे में सुना है?

आपको जानकर हैरानी होगी कि 2025 में नींद से जुड़ा एक नया रुझान वायरल हो रहा है, जिसे थेराप्यूटिक लेजीनेस नाम दिया गया है।

यह ट्रेंड सिखाता है कि कैसे आलस करना भी फायदेमंद और चिकित्सकीय हो सकता है। आज हम आपको इस ट्रेंड का मतलब और इसके फायदे बताएंगे।

जानिए थेराप्यूटिक लेजीनेस ट्रेंड का मतलब थेराप्यूटिक लेजीनेस पहले से प्रचलित बेडरॉटिंग ट्रेंड को नया आयाम देती है। इसका मतलब होता है बिना कोई काम किए लंबे समय तक बिस्तर पर बैठे या लेते रहना।

थेराप्यूटिक लेजीनेस तब होती है जब आप देर तक बिस्तर पर लेते हुए जानबूझकर अनुत्पादक व्यवहार करते हैं।

यह खुद की देखभाल करने का एक तरीका है, जिसके दौरान मन को शांत करने के लिए लोग इरादतन कोई काम नहीं करते हैं।

यह तकनीक तनाव पीड़ित लोगों के लिए अच्छी है।

इस ट्रेंड को अपनाने से मिलेंगे ये लाभ सुनने में अजीब लगता है, लेकिन इस ट्रेंड को अपनाने के कई फायदे हो सकते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि थेराप्यूटिक लेजीनेस से ध्यान, रचनात्मकता और उत्पादकता में सुधार हो सकता है।

सक्रीय जीवनशैली वाले लोग और ऑफिस का काम करने वाले लोग अपने मन को शांत करने के लिए यह ट्रेंड अपना सकते हैं।

रात के वक्त कुछ देर बिना कोई काम किए लेटने से बेहतर नींद आती है और बुरे सपने भी नहीं आते हैं।

क्या इसके कोई नकारात्मक प्रभाव होते हैं?

अगर आप बहुत देर तक या बार-बार थेराप्यूटिक लेजीनेस का पालन करते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

थोड़े समय के लिए आराम करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि, लंबे समय तक लेटे रहने से सुस्ती आती है और उत्पादकता व प्रेरणा कम होने लगती है।

इतना ही नहीं, इससे कुछ लोग अवसाद का भी शिकार हो सकते हैं। इसीलिए, कुछ देर आराम करें और बाकि समय काम करते हुए ही बिताएं।

आराम करते समय शर्म महसूस करने से कैसे बचें?

कई लोगों को काम करने की ऐसी आदत होती है कि जब भी वे ब्रेक लेते हैं तो उन्हें शर्म महसूस होती है। ऐसे लोग मानते हैं कि आराम करने से समय बरबाद होता है।

इस मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए आराम को नए सिरे से देखना शुरू करें। काम के बीच समय निकालकर आराम करें और काम खत्म करने के बाद आराम करने को प्राथमिकता दें।

इससे आपका काम भी प्रभावित नहीं होगा और आप खुशहाल भी रहेंगे।

## क्या रोजाना 8 गिलास पानी पीना जरूरी है? जानें सच्चाई

*हम सभी ने सुना है कि रोजाना आठ गिलास पानी पीना स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। यह सलाह इतनी आम हो गई है कि लोग इसे बिना सोचे-समझे मानने लगे हैं। हालांकि, क्या वाकई में यह सच है? इस लेख में हम इस भ्रम को समझने की कोशिश करेंगे और जानेंगे कि वास्तव में हमें कितना पानी पीना चाहिए। आइए पानी पीने का सही तरीका और इसके अधिक सेवन के नुकसान बताते हैं।*



### शरीर की जरूरत के अनुसार पानी पीएं

हर व्यक्ति की शरीर की जरूरतें अलग-अलग होती हैं इसलिए एक ही मात्रा में पानी पीने का नियम सभी पर लागू नहीं होता है।

हमारे शरीर को कितनी मात्रा में पानी चाहिए, यह कई बातों पर निर्भर करता है जैसे उम्र, वजन, शारीरिक गतिविधि और मौसम।

अगर आप ज्यादा पसीना बहाते हैं या गर्मी होती है तो आपको अधिक पानी की जरूरत हो सकती है। इसलिए अपने शरीर के संकेतों को सुनें और उसी अनुसार पानी पीएं।

### भोजन से भी मिलता है पर्याप्त पानी

पानी केवल पेय पदार्थों से ही नहीं मिलता बल्कि हमारे खाने से भी हमें पर्याप्त पानी प्राप्त हो सकता है। फल और सब्जियां जैसे खीरा, तरबूज, संतरा आदि में काफी मात्रा में पानी होता है, जो हमारी दैनिक आवश्यकता का हिस्सा बन सकता है। इसलिए केवल पेय पदार्थों पर निर्भर न रहें बल्कि अपनी डाइट पर भी ध्यान दें ताकि आपके शरीर को सही मात्रा में पानी मिल सके।

### अधिक पानी पीने के नुकसान

अधिक मात्रा में पानी पीने से कुछ समस्याएं भी हो सकती हैं जैसे इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन या हाइपोनेट्रेमिया, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। जब हम जरूरत से ज्यादा पानी पीते हैं तो हमारे खून का सोडियम स्तर कम हो जाता है, जिससे कमजोरी या चक्कर आने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए हमेशा संतुलित मात्रा में ही पानी पीएं ताकि आपका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### प्यास लगने पर ही करें पानी सेवन

हमारा शरीर खुद हमें संकेत देता रहता है जब उसे किसी चीज की आवश्यकता होती है, जैसे भूख लगती तब खाना खाते हैं वैसे ही जब प्यास लगे तभी हमें जल सेवन करना चाहिए।बिना वजह बार-बार पानी पीते रहने से बचें क्योंकि इससे आपकी किडनियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है, जिससे अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने का खतरा बढ़ जाता है।अपने शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया पर भरोसा करें और उसी अनुसार अपनी दिनचर्या बनाएं।

# ईरान ने ब्रिटिश राजदूत को तलब किया, 'तेहरान विरोधी' रुख पर जताया विरोध



तेहरान , (आरएनएस)। ईरान ने ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हाल ही में अपनाए गए 'तेहरान विरोधी' रुख के खिलाफ ब्रिटिश राजदूत ह्यूगो शॉर्टर को तलब किया। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि ब्रिटिश दूत को ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर विरोध जताने के लिए बुलाया गया।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, ब्रिटिश दूत को वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के बारे में निराधार दावों और उनके इस आरोप के खिलाफ विरोध जताने के लिए बुलाया गया था कि तेहरान ब्रिटेन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना चाहता है।

बैठक के दौरान, सहायक विदेश मंत्री अलीरेजा यूसुफी ने ब्रिटिश अधिकारियों के रुख की आलोचना करते हुए कहा, ब्रिटिश अधिकारियों के पक्षपाती रुख और निराधार दावे अंतर्राष्ट्रीय कानून और कूटनीतिक मानदंडों के खिलाफ हैं, और इससे ईरानी लोगों में ब्रिटेन की नीतियों के प्रति अविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से अपील की, ईरानी राष्ट्र के प्रति अपने असंरचनात्मक दृष्टिकोण (अनकंस्ट्रक्टिव अपरोच) पर पुनर्विचार करें और इसे संशोधित करें। साथ ही इस बैठक के दौरान ईरानी विदेश मंत्रालय के सहायक मंत्री अलीरेजा यूसुफी ने ब्रिटिश अधिकारियों से अपील की कि वे अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करें और इसे अधिक संरचनात्मक और कूटनीतिक बनाएं। ब्रिटिश राजदूत ह्यूगो शॉर्टर ने कहा कि वह अपनी सरकार को ईरान के विरोध से अवगत कराएंगे।

इससे पहले, ब्रिटेन की संसद में मंगलवार को ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने बयान दिया था, मैं पूरे ईरानी राज्य को, जिसमें उसकी खुफिया सेवाएं, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स और खुफिया मंत्रालय शामिल हैं, आगामी फॉरेन इंफ्लूएंस रजिस्ट्रेशन स्कीम में रखूंगा। उन्होंने यह भी कहा, ब्रिटेन में लक्ष्यों के खिलाफ ईरान द्वारा प्रत्यक्ष कार्रवाई हाल के वर्षों में बढ़ी है, और आरोप लगाया कि ईरान असंतुष्टों, मीडिया संगठनों और पत्रकारों को निशाना बना रहा है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने इन दावों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और ब्रिटेन से अपने असंरचनात्मक दृष्टिकोण को बदलने की अपील की।

## बांग्लादेश राइफल्स विद्रोहः अंतरिम सरकार के आयोग का हसीना समेत 15 लोगों को नोटिस, गवाही के लिए बुलाया



ढाका (आरएनएस)। अंतरिम सरकार द्वारा गठित एक आयोग ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 14 अन्य लोगों से 2009 के बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) विद्रोह की दोबारा जांच के लिए गवाही देने को कहा है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र जांच आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर 15 व्यक्तियों को नोटिस जारी कर गवाही देने का आग्रह किया है। इनमें शेख हसीना भी शामिल हैं। नोटिस में कहा गया है कि जो लोग सहयोग नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन 15 लोगों में उस समय के सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल मोइन यू. अहमद, उनके उत्तराधिकारी जनरल अजीज अहमद और हसीना की अवामी लीग सरकार के कई पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारी व राजनेता शामिल हैं।

शेख हसीना छात्र आंदोलन के बाद पिछले साल पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत आ चुकी हैं, जबकि अन्य लोग विदेश में ससान्य जीवन जी रहे हैं या फरार हैं। आयोग ने इन व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन गवाई देने का अनुरोध किया है। गवाहों से कहा गया है कि वे नोटिस जारी होने के सात दिनों के भीतर अपने प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी आयोग को दें। आयोग ने पिछले महीने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय को एक औपचारिक पत्र भेजा था। पत्र में उन लोगों की पहचान के लिए मदद मांगी गई थी, जिन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाना है।

## टोरंटो के पब में ताबड़तोड़ फायरिंग से मचा हड़कंप, 11 लोग घायल; आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

टोरंटो (आरएनएस)। कनाडा के टोरंटो शहर में शुक्रवार रात एक पब में हुई गोलीबारी की घटना में 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 10:30 बजे प्रोग्रेस एवेन्यू और कॉर्पोरेट ड्राइव के पास स्थित एक पब में हुई।



टोरंटो पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की घटना के बाद आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। घायल हुए सभी 11 लोगों को तत्काल प्रभाव से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल घायलों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।

पुलिस अधिकारी अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं कर पाए हैं कि गोलीबारी के पीछे हमलावर का मकसद क्या था। यह भी स्पष्ट नहीं है कि हमले में किस प्रकार के हथियार का इस्तेमाल किया गया। जांचकर्ताओं की टीम घटनास्थल पर सबूत जुटा रही है और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

पुलिस ने घटना स्थल के आसपास रहने वाले निवासियों को सतर्क रहने की सलाह जारी की है। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके पास घटना के संबंध में कोई भी जानकारी है तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

पुलिस का कहना है कि वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और आरोपी को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल, इस गोलीबारी की घटना से टोरंटो शहर में दहशत का माहौल है।

## सीरिया में असद समर्थकों और सुरक्षाबलों में हिंसक झड़प, 200 से ज्यादा की मौत; कर्फ्यू लागू

दमिश्क (ए.)। सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों और नई सरकार के सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। यह झड़पें गुरुवार को शुरू हुईं और शुक्रवार तक जारी रहीं, जिनमें अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन स्थित 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के अनुसार, यह हिंसा तब भड़की जब सरकारी बलों ने तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की। इस कार्रवाई के विरोध में असद समर्थकों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। हिंसा का केंद्र लताकिया और टार्टस शहर रहे, जहां सरकार ने कर्फ्यू लागू कर दिया है। सरकारी बलों और असद समर्थकों के बीच संघर्ष में 71 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें 35 सरकारी सैनिक, 32 पूर्व सैन्य बंदूकधारी और 4 नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा, लगभग 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। संघर्ष के चलते शीर, मुख्तारियेह और हफ्फा गांवों में हमले हुए, जिनमें 69 पुरुषों की मौत हो गई। बेरूत स्थित अल-मायादीन टीवी के अनुसार, अकेले मुख्तारियेह गांव में 30 से अधिक लोग मारे गए, जबकि बनियास शहर में महिलाओं और बच्चों सहित अन्य 60 लोग मारे गए। दिसंबर में विद्रोहियों ने असद सरकार को सत्ता से हटा दिया था, जिसके बाद देश में इस्लामी संक्रमणकालीन सरकार की स्थापना हुई। इस परिवर्तन के बाद से यह पहली बड़ी हिंसक घटना है। नई सरकार ने 14 साल के गृह युद्ध के बाद सीरिया को एकजुट करने का वादा किया है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, असद समर्थकों ने हाल के हमलों के प्रतिशोध में तट के पास स्थित कई गांवों पर हमला किया। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 140 लोग मारे गए, जिनमें से 50 सरकारी सैनिक और 45 असद समर्थक लड़ाके थे। सीरिया की राज्य समाचार एजेंसी SANA के अनुसार, सरकारी बलों पर हुए हमलों का बदला लेने के लिए असद समर्थकों ने जवाबी हमला किया, जिसके कारण हिंसा और बढ़ गई। दमिश्क ने लताकिया और टार्टस में कर्फ्यू लागू कर दिया है, और वहां सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

# ट्रंप कैबिनेट मीटिंग में रूबियो और मस्क के बीच तीखी बहस, देखते रह गए राष्ट्रपति

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट मीटिंग में विदेश मंत्री मार्को रूबियो और एलन मस्क के बीच अप्रत्याशित रूप से तीखी बहस हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम कर्मचारियों की छंटनी के मुद्दे पर हुआ, जिसने राष्ट्रपति ट्रंप समेत वहां मौजूद सभी लोगों को चौंका दिया। सूत्रों के मुताबिक, बहस इतनी बढ़ गई कि विदेश मंत्री रूबियो ने सार्वजनिक रूप से एलन मस्क पर झूठ बोलने का आरोप लगा दिया। यह अप्रिय घटना उस समय घटी जब राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कैबिनेट प्रमुखों से कहा कि स्टाफिंग और नीति संबंधी अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा, न कि मस्क का। रॉयटर्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस बहस में अमेरिकी परिवहन मंत्री भी शामिल हो गए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।यह सारा ड्रामा ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका में सरकारी एजेंसियों में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकारों ने अमेरिकी नौकरशाही में कटौती के अभियान के तहत हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया



है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह कदम फेडरल गवर्नमेंट में स्टाफ की अधिकता और देश पर बढ़ते कर्ज को कम करने के लिए उठाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि सरकार पर 36 लाख करोड़ डॉलर का कर्ज है और पिछले साल करोड़ों डॉलर का घाटा हुआ था, जिसके कारण सुधार की आवश्यकता है।हालांकि, जब राष्ट्रपति ट्रंप से इस बहस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने मीडिया से कहा, ऐसा कुछ नहीं हुआ। कोई क्लैश नहीं हुआ। मैं वहां मौजूद था। एलन, मार्को के साथ बहुत अच्छे से पेश आते हैं और वे दोनों शानदार काम कर रहे हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि मार्को ने विदेश मंत्री के रूप में अविश्वसनीय काम किया है और एलन एक अनोखे व्यक्ति हैं जिन्होंने शानदार काम किया है। राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से इस घटना को कमतर आंकने के प्रयासों के बावजूद, रूबियो और मस्क के बीच हुई यह सार्वजनिक बहस व्हाइट हाउस के भीतर चल रही तनावपूर्ण स्थिति और प्रशासन की नीतियों पर गहरे मतभेदों को उजागर करती है।



# IND VS NZ के बीच फाइनल मुकाबले से पहले विराट कोहली को लगी चोट, फैंस का टूटा दिल



नई दिल्ली(ए)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल रविवार को खेला जाना है। लेकिन उससे पहले निराश कर देने वाली खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार मैच से पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चोट लग गई है। टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन के दौरान कोहली को चोट लगी है। कोहली को ये चोट बैटिंग के दौरान लगी, जिसके बाद उन्होंने अभ्यास रोक दिया और मेडिकल टीम उनकी जांच में जुट गई। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईसीसी एकेडमी में प्रैक्टिस के दौरान विराट जब तेज गेंदबाजों का सामना कर रहे थे, तभी एक गेंद उनके घुटने में लग गई। इसके बाद उन्होंने बल्लेबाजी रोक दी और भारतीय टीम के फिजियो उनकी देखभाल में लग गए। कोहली ने इसके बाद प्रैक्टिस नहीं की लेकिन इस दौरान वो बाकी खिलाड़ियों का अभ्यास देखते रहे और टीम के साथ ही मैदान पर बने रहे। पिछले कुछ वक्त में विराट की फिटनेस भी टीम इंडिया के लिए थोड़ी चिंता का कारण बनी है और हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में भी वो घुटने की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। ऐसे में ताजा चोट टीम इंडिया और इसके फैंस को परेशान कर सकती है। हालांकि, राहत की बात ये है कि कोहली की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। रिपोर्ट में भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ के हवाले से बताया गया है कि कोहली फाइनल के लिए फिट हैं और मैदान में उतरेंगे।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में खुद को अधिक समय देने तैयार शुभमन गिल

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए कमर कस रहे हैं क्योंकि वह रविवार को अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने के लिए तैयार हैं, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।अहमदाबाद में आईसीसी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में गिल बड़ा स्कोर बनाने में विफल रहे और चार रन पर सस्ते में आउट हो गए, जिसमें भारत छह विकेट से हार गया और तीसरा टूर्नामेंट खिताब जीतने से चूक गया।हालांकि, गिल इस दिल टूटने से आगे बढ़ चुके हैं और अब अधिक परिपक्व हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज उप-कप्तान मानसिक रूप से दबाव को बेहतर ढंग से संभालने और क्रीज पर अधिक समय बिताने के लिए तैयार हैं।रविवार को न्यूजीलैंड के साथ भारत के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी ने गिल के हवाले से कहा, जाहिर है कि उस मैच में कुछ घबराहट थी।

## कबड्डी खिलाड़ी हस्ती वेगड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता पर दिया जोर

राजकोट(आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के राजकोट की रहने वाली कबड्डी खिलाड़ी हस्ती वेगड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लड़कों और लड़कियों को समान बताते हुए समाज में समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में लड़कियां कई क्षेत्रों में लड़कों से भी आगे बढ़ चुकी हैं और यह बदलाव दिखाता है कि महिलाओं के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

हस्ती वेगड़ ने अपने खेल जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि वे 2012-13 से कबड्डी से जुड़ी हुई हैं और यह उनका मुख्य खेल है। उन्होंने स्कूल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कबड्डी खेली है और वर्तमान में वे सौराष्ट्र विश्वविद्यालय में एमपीएड में अभ्यास कर रही हैं। वे सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम की सबसे पसंदीदा खिलाड़ी हैं। इसके अलावा, उन्होंने हैंडबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो और रग्बी जैसे खेलों में भी भाग लिया है, जिसमें पिछले साल रग्बी में उन्हें कांस्य पदक मिला था।

हस्ती ने महिला दिवस के अवसर पर अपने परिवार का भी धन्यवाद किया और बताया कि उनके छोटे भाई की तुलना में उन्हें अधिक सुविधाएं और समर्थन मिला, जिससे वे इस मंच तक पहुंच पाई हैं। वे सभी माता-पिता को संदेश देती हैं कि अपनी बेटियों को किसी भी क्षेत्र में अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर दें। जब वे आगे बढ़ेंगी, तो न केवल उनका बल्कि उनके परिवार का नाम भी रोशन होगा।

उन्होंने कबड्डी में अपने आदर्श खिलाड़ी के रूप में अनूप कुमार का नाम लिया और बताया कि वे रोजाना ढाई से तीन घंटे अभ्यास करती हैं। कबड्डी के खेल में वे एक ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं, जहां एक राइडर और एक डिफेंडर की भूमिका होती है। राइडर अकेले पॉइंट लेने जाता है, जबकि डिफेंडर टीम के साथ मिलकर विरोधी टीम को रोकने की कोशिश करता है। वे टीम भावना की अहमियत को भी समझती हैं और मानती हैं कि कबड्डी जैसा खेल टीम वर्क को बढ़ावा देता है।

## राजस्थान रॉयल्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक प्रॉमिस जर्सी लॉन्च की

नईदिल्ली,(ए)। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित पिंक प्रॉमिस मैच के लिए एक आकर्षक ऑल-पिंक जर्सी का अनावरण करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

रॉयल्स पिंक प्रॉमिस का उद्देश्य राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना जारी रखना है। इस प्रतिबद्धता को सबसे बड़े मंच पर ले जाते हुए, राजस्थान रॉयल्स 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी करेगा।

आईपीएल फ्रेंचाइजी ने एक विज्ञप्ति में कहा, राजस्थान रॉयल्स की सीएसआर शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) ने भी एक शक्तिशाली सपिंक प्रॉमिस अभियान फिल्म, औरत है तो भारत है के लॉन्च के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। पिछले साल, पिंक प्रॉमिस अभियान ने ल्यूमिनस जैसे भागीदारों के समर्थन के साथ 250 से अधिक घरों में रोशनी लाकर हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया।

पहल के बारे में बात करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक, कुमार संगकारा ने कहा, पिंक प्रॉमिस के माध्यम से, हम एक स्थायी प्रभाव बनाने का प्रयास करते हैं - न केवल व्यक्तियों पर, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर, जो बदलाव को प्रेरित करते हैं, जो बहुत दूर तक फैलते हैं। पिछले साल, हमने खुद देखा कि कैसे इस पहल ने जीवन को बदल दिया, और यह कुछ ऐसा है जो हम गहराई से मानते हैं। एक टीम के रूप में, हम इस यात्रा का हिस्सा होने पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, फाउंडेशन में सार्थक समय बिताते हैं ताकि वास्तव में किए जा रहे काम को समझ सकें।

पिंक प्रॉमिस एक अभियान से कहीं अधिक है; यह एक सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है जो हमारे मूल्यों को आकार देती है और उन मानकों को परिभाषित करती है जिनके लिए हम खड़े हैं।

# हाल के वर्षों में भारत का आईसीसी टूर्नामेंट में आधिपत्य, न्यूजीलैंड भी कम नहीं

नई दिल्ली (ए.)। भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 9 मार्च को फाइनल मुकाबला खेलने जा रही हैं। दोनों टीमों का पिछले कुछ साल में आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार इतिहास रहा है। न्यूजीलैंड जहां अपनी निरंतरता के साथ बेहतरीन रही है, तो भारतीय टीम ने अपना जबरदस्त आधिपत्य दिखाया है। यही वजह है कि 2011 से अब तक आईसीसी टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने सबसे ज्यादा मैच जीते हैं। भारत ने इस अवधि में 86 में से 70 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 77 मैचों में 49 मुकाबले जीते हैं। जाहिर है, मैच जीतने के मामले में भारत के आसपास न्यूजीलैंड नहीं ठहरती है। लेकिन जब बात ट्रॉफी जीतने की आती है, तो टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों के पास ही बहुत ज्यादा ट्रॉफी नहीं है और इस बार ट्रॉफी के लिए दोनों टीमों का फाइनल मुकाबला है। साल 2011 से अब तक 14 आईसीसी प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, जिसमें भारत सिर्फ दो बार ही नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया है। भारत ने इस दौरान चार सेमीफाइनल खेले हैं और पांच बार यह टीम रनर-अप रही है। तीन बार भारत ने ट्रॉफी जीतने में कामयाबी हासिल की है। वहीं न्यूजीलैंड ने भी निरंतरता दिखाते हुए इस

**-चैंपियंस ट्रॉफी**



अवधि में आठ बार नॉकआउट स्टेज में एंट्री हासिल की है, चार सेमीफाइनल खेले हैं और तीन बार ब्लैक कैप्स रनर-अप रहे हैं। उन्होंने 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हराया भी है। दोनों टीमों के ये आंकड़े शानदार हैं। इस अवधि में कोई अन्य टीम इतनी बार सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भी दोनों टीमों का फाइनल खेलना एक बार फिर इन टीमों के शानदार प्रदर्शन की पुष्टि करता है। साल 2011 से अब तक सबसे ज्यादा नॉकआउट खेलने वाली टीमों में टीम इंडिया 12 मैचों के साथ टॉप पर है। न्यूजीलैंड ने इस अवधि में 8 बार आईसीसी नॉकआउट मैच खेले और भारत के बाद वह इस मामले में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। आईसीसी ट्रॉफी जीतने के मामले में दबदबा बनाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस अवधि में सिर्फ 6 ही नॉकआउट मैच खेले हैं, जो भारत और न्यूजीलैंड के शानदार प्रदर्शन का एक और प्रमाण है। भारत ने इस दौरान एक वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप और एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है।

सिर्फ वनडे फॉर्मेट की बात करें तो भारत ने साल 2011 से अब तक 38 ग्रुप स्टेज मैच खेले हैं, जिसमें वह केवल तीन बार ही हारे हैं और एक मैच टाई रहा है। यह आंकड़ा बाकी सभी टीमों पर बहुत भारी है। ग्रुप स्टेज में भारत को अंतिम बार 2019 वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने ही हराया था।

न्यूजीलैंड एक ऐसा प्रतिद्वंदी है, जिसे भारत नॉकआउट में कभी हल्के में नहीं ले सकता है। कीवियों ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण में भी भारत को फाइनल में मात दी थी। हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत ने ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड को हराया है, लेकिन ब्लैक कैप्स ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को आसानी से मात देकर 9 मार्च को दुबई की धरती पर एक जबरदस्त फाइनल मुकाबले का प्लेटफॉर्म तैयार कर दिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महासंघ ने भारतीय निशानेबाजी लीग को आईएसएसएफ विंडो आवंटित की

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ओलंपिक खेल निशानेबाजी को नियंत्रित करने वाली वैश्विक संस्था, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में उद्घाटन भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई ) के लिए एक विंडो आवंटित की है, जो अब 24 नवंबर से 7 दिसंबर, 2025 तक आयोजित की जाएगी।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई ) ने पिछले साल नवंबर में भारतीय निशानेबाजी लीग की मेजबानी करने की अपनी मंशा की घोषणा की थी और अब इसे आईएसएसएफ से मान्यता मिलने के साथ ही यह लीग विश्व स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता होने का वादा करती है, जिसमें शीर्ष भारतीय निशानेबाज खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करेंगे।

इस विकास से रोमांचित, एनआरएआई के अध्यक्ष, कलिकेश नारायण सिंह देव ने टिप्पणी की, हम सभी बहुत उत्साहित हैं। आईएसएसएफ द्वारा अब एसएलआई को मान्यता दिए जाने और अपने आधिकारिक कैलेंडर में इसके लिए एक विंडो आवंटित किए जाने के साथ, यह अब आधिकारिक रूप से एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है।

भारत की इस खेल में पहले से ही वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति है, इसलिए लीग की अनूठी प्रकृति के अलावा, इससे अधिकांश शीर्ष निशानेबाजों को लीग की ओर आकर्षित करने में मदद मिलेगी। पर्दे के पीछे बहुत काम चल रहा है, और यह हमें अब तक देखे गए सर्वश्रेष्ठ शूटिंग खेल तमाशे में से एक पेश करने के लिए और प्रेरित करता है।

पिछले महीने, एनआरएआई ने एलेना नॉर्मन को एसएलआई के लिए सलाहकार और न्यू होराइजन्स अलायंस प्राइवेट लिमिटेड को अपनी वाणिज्यिक और विपणन एजेंसी के रूप में घोषित किया था।

# केसला के ग्राम सहेली में हुआ सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन, 508 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## आदिवासी परंपरा के अनुसार भूमिका के द्वारा सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया

नर्मदापुरम (निप्र) । 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केसला विकासखंड का ग्राम सहेली सामूहिक विवाह के ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बना जब एक साथ 508 जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत संपन्न कराया गया। विवाह मैं आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति का पूरा ध्यान रखते हुए आदिवासी परंपरा के अनुसार जोड़ों का विवाह भूमका (आदिवासी पुजारी) के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने वर्चुअल जुड़कर सभी 508 वर एवं वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं सभी नवविवाहित दंपतियों को सुखी जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि मां नर्मदा के आशीर्वाद से आज हम एक ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने हैं,जब यहां 508 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद सभी नव दंपतियों पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 16 संस्कार में एक संस्कार पाणिग्रहण



## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया

संस्कार भी है। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में विवाह एग्रीमेंट नहीं अपितु संस्कार होता है। यह संस्कार सात जन्मों का बंधन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले एक कन्या का पिता परेशान रहता था कि बेटी का विवाह कैसे होगा लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू कर सभी बेटियों के माता-पिता को इस चिंता से मुक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन अलग-अलग जातिगत विषमताओं को तोड़ने का कार्य करता है। यह विवाह लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके भावी सुखद जीवन की कामना की और कहा कि विवाह के बाद भी शासन उनकी हर समस्याओं का यथासंभव निराकरण करेंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्राम सहेली में एक कल्याणी (विधवा) विवाह एवं एक दिव्यांग जोड़ों का विवाह भी संपन्न हुआ है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा की आज ऐसा लग रहा है जैसे समूचा सिवनी मालवा क्षेत्र विवाह मंडल में परिवर्तित हो गया है। उन्होंने सभी नव दंपतियों से कहा कि मैं कभी यहां पर आऊं तो आप मुझे एक कप चाय जरूर पिला देना। उन्होंने सभी नव दंपतियों एवं आयोजन समिति को एक बेहतर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में केसला के 52 ग्राम पंचायत के 122 ग्राम के लोग सम्मिलित हैं। आदिवासी परंपरा का पालन करते हुए भूमिका के द्वारा सभी का विवाह संपन्न कराया जा रहा है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गा दास उइके ने नव दंपतियों के सुखद भविष्य की कामना की

मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में सम्मिलित होने ग्राम सहेली पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री जनजाति कार्य मंत्रालय दुर्गादास उइके ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। मंत्री श्री उइके ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं जो 508 जोड़ो के विवाह के साक्षी बने। यह हमारा सौभाग्य है कि हम यह अवसर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वेदों में कहा गया है कि जहां पर नारी की पूजा होती है वही देवता निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह सात जन्म का रिश्ता है। एक संस्कार है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च 2025**

# महिलाओं को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्पित है : दर्शन सिंह चौधरी



नर्मदापुरम (निप्र) । 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज शासकीय एस.एन.जी. स्टेडियम मैदान में शौर्य शक्ति स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9-00 बजे से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नगरपालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, श्रीमती अर्चना पुरोहित, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती सीमा तिवारी उपस्थित रही। जिला प्रशासन से सुश्री कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत, सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम ब्रजेंद सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ललित कुमार डेहरिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व शक्ति रूपी नन्ही नन्ही बालिकाओं की कन्यापूजन भी की गई।

**शौर्य शक्ति स्पर्धा अंतर्गत खेल प्रतिस्पर्धाओं का हुआ आयोजन-**

कार्यक्रम में महिला अधिकारियो/कर्मचारियो हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ- महिला क्रिकेट मैच, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ एवं चम्मच दौड जैसी खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। क्रिकेट मैच में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चैहान, की कप्तानी में टीम शक्ति एवं श्रीमती वंदना रघुवंशी की कप्तानी में टीम शौर्य के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम शौर्य विजेता रही एवं टीम शक्ति नें द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रस्साकशी में टीम महिला एवं बाल विकास एवं टीम जिला प्रशासन के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम महिला एवं बाल विकास नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड एवं चम्मच दौड में विभिन्न विभागों में पदस्थ महिला अधिकारी/कर्मचारियों ने सहभागिता दी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति को नमन ¬ लोकसभा सांसद**

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा समस्त उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा कृषक, स्वसहायता समूह, बैंक सखी, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रो में अपने बेहतर कार्यो का प्रदर्शन किया है। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्पित है।

**शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का ही परिणाम है कि हर क्षेत्र में महिलाएं अपना बेहतर प्रदर्शन कर रही: राज्यसभा सांसद**

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया द्वारा समस्त उपस्थित महिलाओ को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार महिलाओ के बेहतर भविष्य एवं सशक्तिकरण हेतु दृढ सकल्पिंत है। शासन की योजनाओ के बेहतर क्रियान्वयन का ही परिणाम है कि हर क्षेत्र में महिलाएं अपना बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना महिलाओ के आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है।

***हम सभी साल में प्रत्येक दिवस महिला दिवस के रूप में मनाते हुए महिलाओं को सम्मान दें और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद रखें : कलेक्टर***

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि महिलाओं को सम्मान देने एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करने के लिए केवल एक महिला दिवस दिन ही सीमित न हो। अपितु महिलाओं तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को हर रोज याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज के तौर पर यह हम सबकी जवाबदारी है कि साल के प्रत्येक दिन हम महिलाओं को सम्मान एवं समान अवसर दे, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए जहां वे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सके और अपने आप को सिद्ध कर सकें। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि हमे हर एक दिवस महिला दिवस के रूप में मनाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि बात जब महिला सशक्तिकरण की होती है तब केवल महिलाओं को शिक्षित करना या उन्हें रोजगार जैसी अन्य गतिविधियों में अवसर प्रदान करने से ही सशक्तिकरण नहीं होगा बल्कि इसके लिए हमारे पुरुष समाज को भी संवेदनशीलता दिखाते हुए महिलाओं को समाज में परस्पर स्थान देना होगा।

## महिला दिवस पर केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय जेल नर्मदापुरम खंड-अ में निरुद्ध महिला बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की चिकित्सा टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम, जिसमें डॉ. ममता पाठक, डॉ. रिचा, डॉ. अंश चुघ, नर्स श्रीमती गीता चौधरी, फार्मासिस्ट श्रीमती खुश्बू एवं श्रीमती वंशिका साहू, ओ.टी. टेक्नीशियन राहुल राव शामिल रहे।

# नपा में आयोजित नेशनल लोक अदालत का सकारात्मक असर

## एसपीएम ने जमा किया 3 करोड़ से अधिक का कर

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित लोक अदालत में संपत्ति कर जल एवं अन्य करों के माध्यम से तीन करोड़ अठाबीस लाख इकावन हजार निकाय को प्राप्त हुए जिसमें प्रतिभूति कागज कारखाना एसपीएम नर्मदापुरम द्वारा निकाय की पूर्व बकाया सेवा शुल्क राशि 3 करोड़ 02 लाख 14 हजार 208 निकाय कोष मे जमा किए हैं एवं अन्य करदाताओं के माध्यम से नगद एवं चैक राशि के रूप में कुल 26 लाख 37 हजार 099 रुपए प्राप्त हुए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा मध्य प्रदेश जिसमें प्रतिभूति कागज कारखाना एसपीएम नर्मदापुरम को निकाय की पूर्व बकाया सेवा शुल्क राशि जो कि वर्ष 2007-08 से 2024-25 तक शेष थी जिसमे से वर्ष 2019-20 तक की राशि 3,02,14,208 रुपए निकाय को जमा करने पर विशेष आभार व्यक्त किया हैं तथा एसपीएम नर्मदापुरम द्वारा शेष बकाया राशि शीघ्र जमा करने का आश्वासन दिया हैं। आयोजित नेशनल लोक अदालत में शेख अकबर खान राजस्व प्रभारी, बृजेश सारवान, बंसत रावत, दाताराम सगर, सुनील अवस्थी, रवि सूर्यवंशी, दुर्गेश सोनिया, दिलावर वेग, राजेश दीवान, राजेश गौर एवं अन्य सभी सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।




## नर्मदांचल पत्रकार संघ ने महिला दिवस पर किया नारी शक्ति का सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र) । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नर्मदांचल पत्रकार संघ द्वारा स्व. प्रशांत दुबे स्मृति पत्रकार भवन में नारी शक्ति का सम्मान समारोह कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर बविता राठौर, संयुक्त संचालक जनसंपर्क सुश्री रश्मि देशमुख, तहसीलदार सृष्टि पटेरिया, प्राचार्य श्रीमती शिवपुरिया कंचन कुंभारे, सहित अनेक नारी शक्ति का सम्मान किया गया। कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, व अन्य सम्मानित महिलाओं ने इस तरह के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी व सदस्य गण सक्रियता पूर्वक शामिल रहे।

# वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का हुआ शुभारंभ 24 खण्डपीठों ने निपटाये 2061 मामले



नर्मदापुरम (निप्र) । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के 08 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का अयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा में किया गया।

नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन एवं शुभारंभ मनोज कुमार (सीनि.) विषेष न्यायाधीश /नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत एवं दीपक कुमार गुप्ता, प्रधान न्यायाधीष द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन एवं शुभांरभ कार्यक्रम में मनोज कुमार (सीनि.) विषेष न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, नेशनल लोक अदालत, प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय, दीपक गुप्ता, जिला न्यायाधीष जफर इकबाल, अभिनव कुमार जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर, जूनियर डिवीजन, श्रीमती प्रियंका रतोनिया, श्रीमती दिव्या मित्तल, सुश्री स्वाति कौशल, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती रूचि पाण्डेय, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ दीपक जैन, सचिव, जिला अभिभाषक संघ मनोज जराठे, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सतीश तिवारी, डिप्टी चीफ पंकज तिवारी, अनंत तिवारी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती पूजा अवस्थी, मंगल सिंह परिहार, पंखुरी बराड़िया, सुलहकर्ता सदस्य श्रीमती नेहा पाण्डे, सुश्री नेहा चंडालिया, योगेन्द्र पाल, शिवम दुबे, महेश कुमार बोहित, त्रिलोकनाथ गोयल, ऋचा तोमर, सलोनी अग्रवाल जिला अभियोजन कार्यालय के अधिकारीगण, विभिन्न विभाग के पदाधिकारीगण, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम पैनल अधिवक्ता, मीडिएटर, पैरालीगल वालेंटियर एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहें। नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिनके द्वारा न्यायालयों में लंबित कुल 518 प्रकरणों का निपटारा किया गया, साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित 1583 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निपटाये गये। इसी के साथ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में लगभग 61776992 /- के अवार्ड पारित किये गये, तथा विभागीय प्रकरणों में लगभग 12255361/-रूपये की वसूली हुई। इस नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस, शमनीय अपराध, वैवाहिक मामलें, विद्युत चोरी से संबंधित मामलों के साथ-साथ सिविल तथा राजस्व मामलें निपटारे के लिए रखे गये थे। नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नर्मदापुरम ( श्रीदीपक गुप्ता ) के समक्ष लंबित भरण पोषण के प्रकरण सीता (परिवर्तित नाम) बनाम राम (परिवर्तित नाम) में पति-पत्नि दोनो के मध्य आपसी राजीनामा हो गया दोनो पति पत्नि आपस में करीब 9 माह से एक दुसरे से पृथक निवास कर रहे थे। दोनो का विवाह दिनांक 21.04.2015 को सामाजिक हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। सीता (परिवर्तित नाम) के अनुसार उसके साथ राम (परिवर्तित नाम) छोटी छोटी बातो को लेकर विवाद किया करता था शराब पीकर अपशब्दो का प्रयोग करता था, इस कारण सीता (परिवर्तित नाम) मजबूरी वर्ष अपने मायके आकर रहने लगी थी, इसके बाद सीता (परिवर्तित नाम) द्वारा राम (परिवर्तित नाम) के विरूद्ध भरण पोषण हेतू मामला कुटुम्ब न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। काफी प्रयासो एवं समझाईश के बाद 08.03.2025 को लोक अदालत में दोनो के द्वारा प्रकरण में राजीनामा कर लिया और अंतत: दोनो आपस में खुशी-खुशी रहने के लिये तैयार हो गई।

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नर्मदापुरम ( दीपक गुप्ता) के समक्ष लंबित एक अन्य प्रकरण जिसमें गीता (परिवर्तित नाम) बनाम राजेश (परिवर्तित नाम) के मध्य लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा हो गया और दोनो पति पत्नि आपस में दाम्पत्य जीवन निर्वाह करने हेतु तत्पर हुए। गीता और राजेश का विवाह दिनांक- 18.01.2023 को संपन्न हुआ था विवाह के बाद राजेश एवं उसके परिवार के लोग गीता को विवाह में कम दहेज दिया है कहकर परेशान करने लगे एवं शारीरिक मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे जिससे मजबूरी वर्ष गीता अपने मायके में दिनांक- 08.06.2024 से निवास कर रही थी, इसके बाद गीता द्वारा राजेश के विरूद्ध भरण पोषण हेतू प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष एक याचिका प्रस्तुत की गई थी। राजेश द्वारा अपनी पत्नि गीता को अपने साथ रखने हेतू धारा- 9 हि0वि0अ0 की याचिका प्रस्तुत की गई, जिसके बाद अनावेदक के अधिवक्ता अनूप सिंह तोमर, ऋचा तोमर एवं सलोनी अग्रवाल द्वारा उभयपक्षो को सुलह समझाइश दिये जाने उपरांत दोनो ने प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष समझौता प्रस्तुत कर एक साथ दाम्पत्य संबंध निर्वाह किये जाने हेतू अपनी सहमति दी और अंतत: दोनो आपस में खुशी-खुशी रहने के लिये तैयार हो गई। एक अन्य मामले में तीन देवरो का उनकी भाभी से लडाई झगडा हो गया था, जिसमें देवरो द्वारा उनकी भाभी के साथ गाली गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके बाद भाभी द्वारा अपने देवरो के खिलाफ थाना-देहात नर्मदापुरम में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसका विचारण मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (श्रीफिरोज अख्तर) द्वारा किया जा रहा था, जिसमें आज 08.03.2025 को उभयपक्ष न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए।

## एम.पी. ट्रांसको इटारसी के दिलीप कोरी दिल्ली में हुये सम्मानित



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी .ट्रांसको) के 04 मेंटेनेंस कार्मिको को भारत पर्यावस केन्द्र दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करने पर सम्मानित किया गया। जिसमें इटारसी के हाट लाइन मेंटेनेंस में माहिर दीपक कोरी भी शामिल हैं। इसके अलावा एम.पी. ट्रांसको भोपाल के सहायक अभियंता अंकित मेहरोलिया, जबलपुर के मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, एवं माहिदपुर से मानसिंह को सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्मिकों ने इस अवसर पर एम.पी. ट्रांसको में ट्रांसमिशन लाइन एवं एक्सट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में किये जा रहे मेंटेनेंस की कार्यशैली और अपने विभिन्न अनुभवों को साझा किया। अंकित मेहरोलिया ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग, वेयर हेंड टेक्निक से किये जा रहे मेंटेनेन्स कार्य आदि के विषय में विस्तार से बताया।


## कार्यालय मुख्य अभियंता ( भवन )

### लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 06/2025/निविदा/सा/मु.अ.भ./ भोपाल दिनांक 03.03.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी)(रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_407332_1 | श्रमोदय आई.टी.आई.मुगालिया छाप भोपाल परिसर में बालक एवं बालिका छात्रावास में अतिरिक्त तल, मल्टीपरपज हॉल, स्टोर एवं 03 नग लैब के विस्तार के निर्माण कार्य। | भोपाल | 254.88 | 254880 | 15000 | 14 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWPIU_407396_1 | भोपाल जिले के अंतर्गत संविदाकार द्वारा छोड़े गये कार्य, शेष कार्य एवं पी.जी. अंतर्गत कार्य। | भोपाल | 200.00 | 200000 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWPIU_407613_1 | गीताजलि महाविद्यालय श्री नगर कॉलोनी भोपाल परिसर में विभिन्न रिनोवेशन/ विस्तार के निर्माण कार्य। | भोपाल | 122.92 | 122920 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_PWPIU_407277_1 | कंस्ट्रक्शन आफ 100 सीटेड के.जी.वी.बी. टाइप-III होस्टल बिल्डिंग राज्य शिक्षा केंद्र एट महुआखेड़ा डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम | नर्मदापुरम | 210.07 | 210070 | 15000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_PWPIU_407279_1 | कंस्ट्रक्शन आफ 50 सीटर दिव्यांग होस्टल एट पवारखेडा डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम( बेलेंस वर्क आफ बॉयज होस्टल) | नर्मदापुरम | 210.19 | 210190 | 15000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 03.03.2025 समय 10.30 से दिनांक 18.03.2025 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी/24001/24

मुख्य अभियंता ( भवन )
लोक निर्माण विभाग भोपाल

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*